डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23



# झुग्गी झोपड़ी

हिन्दी दैनिक प्रयागराज से प्रकाशित हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,शनिवार 28 जनवरी,2023 वर्ष–07 / अंक–257 प्रष्ठ–08 / मूल्य–2 रूपये

## स्वेज नहर आर्थिक जोन में भारतीय उद्योगों को मिलेगी विशेष जगह



भारत और मिस्र ने फिर से गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) के संस्थापक मूल्यों, अंतरराष्ट्रीय कानून और सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल–सीसी के बीच गुरुवार को हुई वार्ता के दौरान इस पर सहमति जताई थी। इस बैठक में दोनों नेताओं ने साझा हितों को ध्यान में रखते हुए द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा की थी। बैठक के बाद जारी किए गए संयुक्त बयान में इस बात का उल्लेख किया गया है कि मिस्र की सरकार स्वेज नहर आर्थिक क्षेत्र (एससीईजेड) में भारतीय उद्योगों के लिए एक विशेष क्षेत्र को आवंटित करने की संभावना पर विचार कर रही है। इसके लिए भारत सरकार मास्टर प्लान का सुझाव दे सकती है। बता दें, भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़ने वाली स्वेज नहर दुनिया के सबसे व्यस्त व्यापार मार्गों में से एक है। वैश्विक व्यापार का लगभग 12 प्रतिशत प्रतिदिन इस नहर से होकर गुजरता है। बयान में कहा गया है कि मिस्र में उपलब्ध निवेश अवसरों का उपयोग करने के लिए भारत विदेशी निवेश स्थापित करने में सक्षम अपनी कंपनियों को प्रोत्साहित करेगा। बयान के मुताबिक, इसके मद्देनजर मिस्र सरकार स्वेज नहर आर्थिक क्षेत्र (एससीईजेड) में भारतीय उद्योगों के लिए एक विशेष क्षेत्र को आवंटित करने की संभावना पर विचार कर रही है, और भारतीय पक्ष मास्टर प्लान की व्यवस्था कर सकता है।

## 280 दिन बाद जेल से रिहा हुआ मंत्री पुत्र आशीष मिश्र, जेल के पिछले गेट से देर शाम गुपचुप रिहाई



तिकुनिया हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट से आठ सप्ताह की अंतरिम जमानत के बाद शुक्रवार की शाम को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के पुत्र और मुख्य आरोपी आशीष मिश्र को जिला कारागार से रिहा कर दिया गया। वह पिछले 280 दिन से जिला कारागार में अपने अन्य 13 साथियों के साथ जेल में बंद था। जिला कारागार के पिछले दरवाजे से आशीष मिश्र मोनू को गुपचुप रिहा कर दिया गया। तिकुनिया हिंसा मामले में मुख्य आरोपी और मंत्री पुत्र आशीष मिश्र मोनू को आखिरकार शुक्रवार को एक बार फिर से रिहाई मिल गई। एडीजे प्रथम अदालत ने जमानतदारो की सत्यापन रिपोर्ट मिलने के बाद शुक्रवार को जिला जेल में रिहाई आदेश भेजा, जहां सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई सशर्त अंतरिम जमानत के संबंध में अंडरटेकिंग दाखिल करने पर आशीष मिश्र मोनू को रिहा कर दिया गया।

तीन अक्तूबर 2021 को तिकुनिया में हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोग मारे गए थे। मामले में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री के पुत्र आशीष मिश्र मोनू को मुख्य आरोपी बनाया गया है। आशीष मिश्र को जेल से दूसरी बार रिहा किया गया है। इससे पूर्व हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद आशीष मिश्र मोनू की रिहाई दे दी थी। हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट ने जमानत आदेश को रद्द कर दिया था। इसी के बाद दोबारा जमानत आदेश पर सुनवाई हुई तो हाईकोर्ट लखनऊ बेंच ने जमानत देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद से ही मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित चल रहा था। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्र मोनू को आठ सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत पर रिहाई करने का आदेश जारी किया, जिसके चलते बुधवार को तीन–तीन लाख रुपये के दो जमानतदार दाखिल किए गए थे। शुक्रवार को दोनों जमानत के संबंध में सत्यापन रिपोर्ट मिलने के बाद प्रथम एडीजे अदालत ने रिहाई के आदेश भेज दिए।

## सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता के प्रतीक थे कर्पूरी ठाकुर



भारतीय सामाजिक, राजनैतिक परिदृश्य में समाजवाद के जीवन्त प्रणेता,स्वतंत्रा संग्राम सेनानी ,सफल राजनेता,आदर्श वादी शिक्षक, सांसद लोकसभा सदस्य, शिक्षा मंत्री ,नेता प्रतिपक्ष, उप मुख्य मंत्री,मुख्य मंत्री विहार राज्य, सामाजिक, राजनैतिक रूप से वंचित, शोषित,गरीब,असहाय मजलूम,श्रमजीवी, पिछडे,अति पिछडों के मसीहा,ईमानदार, करूणा,न्याय,भूखों के प्रति आस्थावान, सादगी के प्रतीक जननायक कर्पूरी ठाकुर की 99 वीं जयन्ती मंगलवार दि. 24 जनवरी 2023 को श्रद्धा इक्यू ,गाला नम्बर–11–लेक रोड नजदीक बी एम सी स्कूल,तुलसेत पाडा भांडुप पश्चिम मुंबई में जननायक जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण एंव पुष्प अर्चना कर प्रारंभ किया गया!जंयती समारोह मे पधारे अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ साहित्यकार मान. श्याम नारायण शर्मा (नेता) ने पुष्प देकर शुभाशीर्वाद प्रदान किया!

समारोह की अध्यक्षता श्याम नारायण शर्मा ने की, मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय कवि,लेखक एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर सेवा समिति कार्यकारिणी द्वारा निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय शर्मा दीप,राष्ट्रीय महासचिव सैन हरिकेश शर्मा नन्दवंशी ,राष्ट्रीय सलाहकार एंव अधिवक्ता अनिल शर्मा,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष निरंकार शर्मा,राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष कन्हैया लाल शर्मा,राष्ट्रीय सचिव मनोज कुमार शर्मा,राष्ट्रीय महिलाध्यक्षा राधा संतोष शर्मा,मुंबई अध्यक्ष जगदीश शर्मा ठाकुर एंव समाज के गणमान्य जगदीश शर्मा,रामधारी शर्मा,शिव शंकर शर्मा, विनोद शर्मा, बृजेश शर्मा,मृग शंकर शर्मा,सन्तोष शर्मा,बाबुले शर्मा,राजेश शर्मा,रेखा शर्मा,सानिया शर्मा, सुधा शर्मा,नीलम चौहान,सुनीता शर्मा, बृजेश शर्मा,इंद्रभान शर्मा, मोतीलाल शर्मा,कुलदीप शर्मा,बिट्टु शर्मा, शिव प्रसाद शर्मा,राज शर्मा, रवि शंकर शर्मा,आदर्श शर्मा, सोनिया चौहान (महिला अध्यक्षा चौहान सभा),वर्षा मोटा (भारतीय जनता पार्टी सक्रिय सदस्य) एंव अनेक विभूतियों का समावेश रहा कवि विनय शर्मा दीप ने कविता के माध्यम से सामाजिक एकता,सैन हरिकेश शर्मा नन्दवंशी कर्पूरी जीवनी पर,अधिवक्ता अनिल शर्मा ने राजनैतिक सफर पर ,सन्तोष निरंकार शर्मा ने सामाजिक मेल मिलाप पर,श्रीमती राधा संतोष शर्मा ने महिला सशक्तिकरण पर, कन्हैयालाल शर्मा ने सफल आयोजन करने का गणितीय सूत्र पर,मनोज कुमार ने सामाजिक सौहार्द पर एंव समाज के मनीषियों,विदुशीयों ,प्रणेताओं ने विभिन्न सामाजिक पहलुओं पर विचार व्यक्त किए!

कार्यक्रम के अध्यक्ष श्याम नारायण शर्मा ने आगंतुक अतिथियों का आभार प्रकट करके कार्यक्रम का समापन किया।

## राष्ट्रपति भवन के संग्रहालय प्रभारी ने प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर की जानी हकीकत



बच्चों से बेबाकी से जवाब पाकर हुए प्रसन्न।बृजेश यादव मुकेश सिकरारा सिकरारा, जौनपुर। मंगलवार को राष्ट्रपति भवन के संग्रहालय प्रभारी उत्कर्ष श्रीवास्तव द्वारा प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के पठन पाठन को जानने के लिए प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर का भ्रमण किया गया, उनके साथ बीइओ सिकरारा आनंद प्रकाश सिंह भी उपस्थित रहे।संग्रहालय प्रभारी श्री श्रीवास्तव ने सभी कक्षाओ में जाकर बच्चों के अधिगम स्तर की जानकारी ली। बच्चों द्वारा अपने विषय के साथ साथ पहाड़ा गिनती जिलों के नाम राज्य राजधानियों के नाम बेबाकी से बताये जाने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की तथा उन्होंने कहा कि मैंने कभी ये सोचा भी नही था कि प्राथमिक विद्यालयों में इस तरह की व्यवस्था और गुणात्मक शिक्षा पर किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि यहाँ डिस्कवरी लैब और बच्चों को इसके माध्यम से दी जा रही जानकारी वास्तव में एक अनूठा प्रयास है, मैं वहाँ पर इसकी जानकारी देकर सीधे केंद्र सरकार की शिक्षा समिति की सीधी विजिट कराकर जौनपुर की बेसिक शिक्षा को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का प्रयास करूंगा।इसके बाद उन्होंने विद्यालय में स्थापित डिस्कवरी लैब के बारे में बच्चों से जानकारी ली। इस दौरान बच्चों ने कंकाल तंत्र, सूक्ष्मदर्शी, टेलीस्कोप, कंप्यूटर, दिन रात होना ग्लोब में विभिन्न देशों की स्थिति ज्वालामुखी, सौर मंडल व अन्य उपकरणों के बारे में बच्चों द्वारा बहुत अच्छे तरीके से बताया गया। श्री श्रीवास्तव जी ने प्रधानाध्यापक अमित सिंह व विद्यालय के शिक्षकों की जमकर तारीफ की। इस अवसर पर बीइओ आनंद सिंह विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह व एनपीआरसी सुनील सिंह विजय बहादुर सिंह विद्यालय के शिक्षक दिनेश यादव श्यामधार यादव मंजू जैसवार नेहा जायसवाल आराधना उपाध्याय गजाला बानो मनोज जायसवाल माधुरी सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने किया किया सम्मानित।

लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में परास्नातक सामाजिक विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर शिवांगी त्रिवेदी को विज्ञान रत्न डॉ लक्ष्मण प्रसाद गोल्डन जुबली स्वर्ण पदक सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आनंदीबेन पटेल राज्यपाल उत्तर प्रदेश के द्वारा सम्मानित किया गया एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के ड्राफ्टिंग कमेटीअध्यक्ष के कस्तूरी रंगन एवं योगेंद्र उपाध्याय कैबिनेट मंत्री उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश रजनी तिवारी उच्च शिक्षा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश एवं आलोक कुमार राय कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया शिवांगी त्रिवेदी सीतापुर जनपद का नाम लखनऊ विश्वविद्यालय में स्वर्ण अक्षरों में नाम अंकित कराया है सीतापुर जनपद को शिवांगी त्रिवेदी पूरे प्रदेश में अलग पहचान कराने का काम किया है शिवांगी त्रिवेदी भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक मीडिया एवं पत्रकार मनोज त्रिवेदी की भतीजी सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर सीतापुर जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है राजेश वर्मा सांसद सीतापुर राकेश राठौड़ गुरु राज्यमंत्री नगर विकास उत्तर प्रदेश सुरेश राही कारागार राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश ज्ञान तिवारी विधायक शिवता शशांक त्रिवेदी विधायक महोली रामकृष्ण भार्गव विधायक मिश्रिख अचिन मेहरोत्रा जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सीतापुर आशा मौर्य और विधायक महमूदाबाद मनीष रावत विधायक महमूदाबाद डॉ सुधांशु त्रिवेदी राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा सत्य प्रकाश मिश्रा अध्यक्ष डी सी डीएफ सीतापुर भाजपा नेता कमलाकांत त्रिवेदी शिवराज त्रिवेदी युवराज त्रिवेदी आदि लोगों ने बधाई दी है।




## 2 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया रूद्रपुर तहसील का माल बाबू

(देवरिया) । रूद्रपुर तहसील कार्यालय में कार्यरत एक माल बाबू को रिश्वत लेना मंहगा पड़ गया। मंगलवार को एन्टी करप्शन की टीम ने मालबाबू को रंगे हाथ 2 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ लिया । रुद्रपुर तहसील में माल बाबू के पद पर तैनात विनोद प्रताप सिंह मूलतः कुशीनगर का निवासी है । जो ग्राम नगवां कन्हौली निवासी रवि कुमार सिंह से उ0 प्र0 राजस्व संहिता की धारा 24 पैमाइश की फाइल का निस्तारण कराने के एवज में 2000 रूपये घूस लेते हुए एंटी करप्शन गोरखपुर की ट्रैप टीम के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार दीक्षित, उदय प्रताप सिंह, शिव मनोहर यादव, विजय नारायण प्रधान, चंद्रभान मिश्रा, शैलेंद्र सिंह, पंकज मौर्या, कौशल राय व रूपेश कुमार सिंह ने तहसील कैंपस स्थित चाय की दुकान से रंगे हाथ गिरफ्तार कर कोतवाली ले गयी जहां भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 धारा 7 के तहत कोतवाली रुद्रपुर ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया।



## बी नेगी कृष्णा ने बनाया विश्व कीर्तिमान

इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड ने दिया मैडल व प्रमाण पत्र जे पी शर्मा दि ग्राम टुडे जयपुर । जनपद अल्मोड़ा के अंतर्गत भिकियासैंण ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज विनायक में जन मिलन समारोह में,क्षेत्र के विधायक डॉ प्रमोद नैलवाल द्वारा युवा कवि बी नेगी कृष्णा को विश्व रिकॉड बुक वन्दे मातरम् के लिए,इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड आई बी आर का मैडल प्रमाण प्रदान कर सम्मानित किया। तहसीलदार, खंड शिक्षा अधिकारी ने सामूहिक रूप से पुस्तकका विमोचन किया। गत वर्ष 20अक्तूबर को पूरे विश्व के 72 साहित्यकारों ने मिलकर 154 कविताओं को वन्दे मातरम् बुक में सम्मिलित कर के संयुक्त रूप में,देश के सम्मान में नया कीर्तिमान स्थापित किया था। संपादन जर्मनी से इंदु नांदल और भारत से बी नेगी कृष्णा ने किया। बुक का प्रकाशन सुरेश चौधरी कोलकाता ने किया। कवि संसार साहित्य के संस्थापक बी नेगी कृष्णा ने कहा कि मंच के नौ साहित्यकारों ने भी इस विश्व कीर्तिमान में अपना अमूल्य योगदान दिया जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार नीलम नेगी अल्मोड़ा रश्मि मिर्दुलिका देहरादून उत्तराखंड,अनुराधा त्यागी गाजियाबाद मनोरमा मिश्रा अयोध्या निधि विश्वकर्मा कानपुर डॉ. रायसिंह निनामा मंजू शर्मा गुजरात के अलावा देश के विभिन्न प्रांतों से साहित्यकार तथा विदेश से अमेरिका कनाडा लंदन ,इंडोनेशिया जकार्ता, जर्मनी,नीदरलैंड, उज्बेकिस्तान आदि भारतीय मूल के कवि कवियित्रियों ने भाग लिया ।नेगी ने सभी का आभार प्रकट किया।



## 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन प्रयागराज में भव्य परेड का आयोजन

आज दिनांक 26.01.2023 को 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन प्रयागराज में भव्य परेड का आयोजन किया गया। परेड के मुख्य अतिथि श्री केशव प्रसाद मौर्य–मा0 उप मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार रहे। मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी गयी तथा पुलिसकर्मियों व उपस्थित लोगों को संविधान की शपथ दिलायी गयी। मुख्य अतिथि द्वारा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रयागराज आकाश कुलहरि व अपर पुलिस उपायुक्त प्रोटोकाल रवि शंकर निम के साथ परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात सहायक पुलिस आयुक्त लाइन चिराग जैन के नेतृत्व में आयोजित परेड का मान प्रणाम ग्रहण किया गया।

आईपीएस चिराग जैन–सहायक पुलिस आयुक्त लाइन्स रहे परेड कमाण्डर

परेड के प्रथम कमाण्डर आई0पी0एस0 चिराग जैन–सहायक पुलिस आयुक्त लाइन्स, द्वितीय कमाण्डर सहायक पुलिस आयुक्त वरुण कुमार मिश्र व तृतीय कमाण्डर उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस श्रवण कुमार पाण्डेय रहे।

परेड में शामिल रही 20 टोलियांध्दस्ते

परेड में क्रमशः निम्न 20 टोलियांध्दस्ते सम्मिलित रहे –

1. नागरिक पुलिस टोली – नेतृत्व उ0नि0 अरविंद कुमार
2. कार्यालय टोली – नेतृत्व उ0नि0 नीलेश कुमार
3. सीईआर टोली – नेतृत्व उ0नि0 अभिनव उपाध्याय
4. पीएसी टोली – नेतृत्व प्लाटून कमांडर उमाशंकर विश्वकर्मा
5. यातायात पुलिस टोली – नेतृत्व उ0नि0 देशराज सिंह
6. महिला पुलिस टोली – नेतृत्व उ0नि0 विनीता पटेल
7. होमगार्ड टोली – नेतृत्व प्लाटून कमांडर अभिषेक प्रताप सिंह
8. एनसीसी टोली – नेतृत्व दलबीर सिंह भदौरिया
9. सिविल डिफेन्स टोली – नेतृत्व प्लाटून कमांडर सुरेंद्र यादव
10. मोटरसाइकिल दस्ता – नेतृत्व उ0नि0 अभिषेक प्रताप सिंह
11. स्वाट टीम – नेतृत्व आरक्षी मंगल मणि वर्मा
12. श्वान दल – नेतृत्व मुख्य आरक्षी राम भजन
13. रेडियो शाखा – नेतृत्व उ0नि0 ओम प्रकाश दुबे
14. यूपी 112 – नेतृत्व उ0नि0 सुग्रीव यादव
15. फारेंसिक टीम – नेतृत्व उ0नि0 सुरेंद्र यादव
16. जिमनास्टिक टीम – नेतृत्व उ0नि0 धीरेंद्र बहादुर सिंह
17. फायर सर्विस मोटरसाइकिल दस्ता – नेतृत्व फायरमैन धर्मेंद्र कुमार मिश्रा
18. हाई प्रेशर फायर टेंडर दस्ता – नेतृत्व ध् नागेन्द्र द्विवेदी
19. हाइड्रोलिक प्लेटफार्म – नेतृत्व अवध नारायण
20. बैंड टोली – नेतृत्व बैंड मेजर राजेंद्र तिवारी

परेड में प्रदर्शन के आधार पर पीएसी की टुकडी को प्रथम स्थान, नागरिक पुलिस की टुकडी को द्वितीय तथा महिला पुलिस की टुकडी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

जनपद के वरिष्ठ पुलिसध्प्रशासनिक अधिकारी रहे उपस्थित

परेड के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानू भाष्कर, पुलिस आयुक्त प्रयागराज रमित शर्मा, आयुक्त प्रयागराज मण्डल विजय विश्वास पंत, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रयागराज आकाश कुलहरि, जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खत्री सहित पुलिसध्प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मा0 सदस्य विधान परिषद श्री सुरेन्द्र चौधरी, श्री के0पी0 सिंह–सेवानिवृत्त आई0पी0एस0 सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि द्वारा परेड में शामिल पुलिस कर्मियों को प्रोत्साहन हेतु 10 लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किये जाने की घोषणा की गयी

परेड के मुख्य अतिथि श्री केशव प्रसाद मौर्य–मा0 उप मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा आयोजित भव्य परेड की सराहना करते हुए परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों को प्रोत्साहन हेतु 10 लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गयी।

मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न लोगों को सम्मानित किया गया

मुख्य अतिथि महोदय द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री मकसूदउल्लाह को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त नागरिक सुरक्षा संगठन के 19 सदस्यों, सेंटर पीस कमेटी प्रयागराज के 25 सदस्यों, जिला अपराध निरोधक समिति के 20 सदस्यों तथा प्रयाग व्यापार मंडल के 31 सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद में नियुक्त कई पुलिस अधिकारीध्कर्मचारी पदक से सम्मानित

मुख्य अतिथि महोदय द्वारा मा0 राष्ट्रपति, भारत गणराज्य के सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह एवं पदक से सम्मानित कमिश्नरेट प्रयागराज में नियुक्त सहायक पुलिस आयुक्त, कोतवाली सत्येन्द्र प्रसाद तिवारी एवं प्रतिसार निरीक्षक प्रथम राकेश सिंह को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त गृह मंत्री भारत सरकार के अति उत्कृष्टध्उत्कृष्ट सम्मान पदक से सम्मानित प्रयागराज में नियुक्त कुल 38 अधिकारीध्कर्मचारीगण को एवं श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आकाश कुलहरि को प्रशंसा चिन्ह व स्वर्ण पदक तथा पुलिस उपायुक्त नगर सन्तोष कुमार मीणा, पुलिस उपायुक्त गंगानगर अभिषेक कुमार अग्रवाल, अपर पुलिस उपायुक्त सरवणन टी0 को प्रशंसा चिन्ह व रजत पदक तथा 03 अन्य अधिकारी गण को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह एवं पदक प्रदान किया गया।

पुलिस आयुक्त द्वारा मुख्य अतिथि को भेट किया गया प्रतीक चिन्ह

पुलिस आयुक्त प्रयागराज रमित शर्मा द्वारा 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड़ में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मा0 उपमुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार श्री केशव प्रसाद मौर्य को मोमेन्टो भेंट कर कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आभार प्रकट किया गया।

आयोजित किये गये विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

पुलिस विभाग की जिमनास्टिक टीम द्वारा जिमनास्टिक का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त सुमन विद्या निकेतन, शकुन इंटर कॉलेज नैनी, सेंट जोसेफ कॉलेज, थे डांसर वर्ल्ड, प्यारी नंदन उमराव सिंह स्मारक इंटर कॉलेज, एम0आर0एस0 स्कूल, गर्ल्स हाई स्कूल, सिद्धार्थ डांस ग्रुप, अखंड हिन्द फौज प्रयागराज, आरटीसी एवं पुलिस लाइन प्रयागराज के पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी।


विज्ञापन दर

समाचार पत्र का साइज 25x32

फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 दुतीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।
अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में सम्पर्क करें।
9918366626


## मान्यवर कांशीराम आवास योजना कलिंदीपुरम झलवा प्रयागराज में दिब्यांगो ने झंडा रोहन किया




मान्यवर कांशीराम आवास योजना कलिंदीपुरम झलवा प्रयागराज में दिब्यांगो ने झंडा रोहन किया। विगत 12वर्षो से कांशीराम आवास योजना के अध्यक्ष राष्ट्रीय दिब्यांग मोर्चा के अध्यक्ष लवलेश सिंह के नेतृत्व मे राष्ट्रीय पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक एवम 108 दीपक जलाए गए। बसंत पर्व एवम ध्वजारोहण दोनो कार्यक्रम एक साथ संपन्न किए गए। 21बच्चो को गायत्री चालीसा, अखंड ज्योति पत्रिका, पेन कॉपी एवम बैग वितरण किया गया। दिब्यांगों को ट्राई साइकिल, कंबल एवम पुस्तके वितरण किया गया।इस शुभ अवसर पर हाईकोर्ट की अपर अधिवक्ता सुभाष राठी, अधिवक्ता दीपमाला, पूर्व जिलापंचायत सदस्य हरिहर सिंह, समाज सेवी अनंत कुमार चौधरी, काजल देवी,, प्रयागाम शिक्षा संस्थान की अध्यक्ष रीना जायसवाल , दिनेश तिवारी, रंजन शुक्ला, कौशीकी पटेल, मनोज जयसवाल, आदित्य पटेल, नबी अहमद, राजकुमार, दीपू , अमरनाथ, धर्मेंद्र कुशवाहा, रमेश पंडित आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया

प्रयागराज। देश के साथ उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश सीमांचल क्षेत्र नारीबारी भी 74 वें गणतंत्र दिवस मे जगह–जगह विभिन्न विद्यालयों विभिन्न संस्थानों में बड़े धूम–धाम और हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय त्यौहार को मनाया गया। ग्राम पंचायत सचिवालय सतपुरा पटिवार व प्राथमिक विद्यालय सतपुरा में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने दोनों जगह ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा नेता एवं ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार मिश्र एवं विशिष्ट अतिथियों संग दीप प्रज्जवलित कर भारत माता, मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लेते हुए महापुरुषों एवं शहीदो को पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए नमन् किया। मुख्य अतिथि दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने उपस्थित बच्चों–अभिभावकों एवं ग्रामिणो को 74 वें गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 का राष्ट्रीय पर्व पूरा देश मनातें हुए लाखों अमर बलिदानियों और महापुरूषों के गौरवगाथा का गुणगान कर रहा है। आज तिरंगे की छटा को विश्व सल्यूट कर रहा है। 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू हुआ और अंग्रेजों के काले कानून से छुटकारा मिला। 2014 से यह संविधान नित नए कीर्तिमान स्थापित करने लगा। इस संविधान ने देश मे भेद–भाव व छुआ–छूत को कम कर अंतिम पायदान पर खड़े गरीब और दलित को विकास के मुख्य धारा मे ला रहा है। जो गरीब जीवन भर कमाते हुए अपना घर नही वनवा सकता था। वीमार पड़ने पर जमीन–जायदाद गहने बेचकर या गिरवी रख कर इलाज कराता था। इसी संविधान द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री आवास के तहत पक्के मकान, आयूष्मान योजना के अंतर्गत पांच लाख तक निरूशुल्क इलाज आदि दर्जनों योजनाओं से उत्थान कर गुंडों–अपराधियो को इसी संविधान के तहत सजा दिया जा रहा है। दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने आगे कहा अब भारतीय संविधान की शक्ति पूरा विश्व देख रहा। साथ ही बच्चों से पढ़–लिखकर देश मे अपने योगदान का देने को प्रेरित किया। ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार मिश्र ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा बच्चे देश के भविष्य है। जिन्हें नई शिक्षा नीति के तहत सरकारे शिक्षित कर रही है।विशिष्ट अतिथी के रूप में भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल,जिला उपाध्यक्ष धर्मराज पाल,शोशल मीडिया जिला सह–संयोजक व विधायक बारा प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार पाण्डेय,जिला संयोजक अनिल पांडेय, युवा मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष विरेन्द्र शुक्ला,ताराचंद्र पाण्डेय, प्रवीण मिश्र,रमाकांत पांडेय, राजेश्वरी पांडेय आदि के साथ प्रधानाचार्य शिल्पा सिंह,शिक्षक रामनिहोर बिंद, अनूप सिंह, राहुल सरोज,रेखा पाण्डेय,मेहनाज वेगम आदि के साथ अतिथियों ने बच्चों को कापी–पेन देकर पुरस्कृत किया। बच्चों अभिभावकों ने देशभक्ति के गीतों से भावविभोर कर दिया। रामकृष्ण गुरूकुलम मे गणतंत्र दिवस पर सरस्वती पूजन प्रबन्धक सूर्यकांत शुक्ला द्वारा किया गया। भारतीय स्टेट बैंक नारीबारी मे केके पांडेय ने ध्वजारोहण किया। मां चन्द्रावती इंटर मीडिएट कालेज खुजवा,पुलिस चौकी नारीबारी एवं क्षेत्र के विभिन्न संस्थानो मे ध्वजारोहण किया गया।

## बचपन डे केयर सेंटर प्रयागराज में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

बचपन डे केयर सेंटर प्रयागराज में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस ।मुख्य अतिथि निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश श्री सत्यप्रकाश पटेल (आईएएस) ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।दृष्टि दिव्यांग गुनगुन जायसवाल ने गणतंत्र दिवस के साथ– साथ बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती की आराधना में गीत प्रस्तुत किया ।मुख्य अतिथि के स्वागत में गीत सेंटर समन्वयक चंद्र भान द्विवेदी ने प्रस्तुत किया ।दृष्टि दिव्यांग गुनगुन जायसवाल ने है प्रीति जहां की रीत सदा.. व संदेशे आते हैं..गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में श्रवण दिव्यांग छात्रा एंजल चौरसिया ने मां सरस्वती की वेशभूषा धारण की। मनन फौजी बने तो कार्तिक भगवान कृष्ण। अदीब चाचा नेहरू बने तो केदार बाल गंगाधर तिलक।

दृष्टि दिव्यांग बच्चों की धागा मोती प्रतियोगिता में सोनाक्षी ने बाजी मारी। राजकीय दृष्टिबाधित छात्रावास के छात्र शैलेश ने राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया ।विजयी बच्चों को मुख्य अतिथि महोदय ने पुरस्कृत किया ।अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि निदेशक श्री सत्य प्रकाश पटेल ने दिव्यांग बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना की ।बच्चों की शैक्षिक प्रगति की सराहना की ।विभागीय विद्यालयों में किए जा रहे सुधारो की जानकारी दी ।दिव्यांग बच्चों की शिक्षा व पुनर्वास हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग प्रयागराज मंडल श्रीमती विनीता यादव ने मुख्य अतिथि महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया ।निदेशक महोदय द्वारा विभागीय विद्यालयों में किए जा रहे आमूलचूल परिवर्तन हेतु आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रयागराज श्री नन्द किशोर याज्ञिक ,पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्री इंद्रसेन सरोज उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों ने सेंटर के शिक्षको व व्यवस्था की तारीफ की ।इस अवसर पर सेंटर स्टाफ, छात्रावास के कर्मचारी निवासरत छात्र, बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे ।संचालन सेंटर समन्वयक चंद्र भान द्विवेदी ने किया

## अन्तर्जनपदीय लूट चोरी के अभियुक्त को अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया



कौशाम्बी जनपद में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 27.01.2023 को थाना पिपरी पुलिस उ0नि0 बलराम सिंह मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा मुखबिर की सूचना पर काठगाँव मोड़ से अभियुक्त मो0 हमजा पुत्र मो0 नूर अहमद निवासी मंदरी थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज उम्र 24 वर्ष जो चोरी व लूट के गिरोह का अन्तर्जनपदीय सक्रिय व अभस्त अपराधी है, जो थाना क्षेत्र में स्वीफ्ट कार, महेन्द्रा पीकअप व अपने अन्य साथियों के साथ बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में था को गिरफ्तार किया गया । जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व चोरी से सम्बन्धित 10,700 ध– रुपया नगद बरामद किया गया । बरामद रूपयो के बारे में पूछने पर बताया की यह रूपये थाना चरवा व पिपरी क्षेत्रान्तर्गत हुयी चोरी की घटनाओं से सम्बनधित है । बरामद गाड़ियों को 207 एमबी एक्ट में सीज किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है ।

## 14 ली0 अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी थाना कड़ाधाम पुलिस उ0नि0 सुनील कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शैलेश कुमार पुत्र प्रभू नि0 जहांगीराबाद रामपुर बढ़नावां थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार कर कब्जे से 14 ली0 अवैध शराब बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 24ध्23 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय किया गया ।

## मुख्य विकास अधिकारी ने 21 मेधावी छात्र–छात्राओं को किया सम्मानित




कौशाम्बी मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा आज उदयन सभागार में आयोजित माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष–2022 में उत्तीण मेधावी छात्र–छात्राओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम में जनपद में हाईस्कूल की परीक्षा में टॉप इलेवन एवं इण्टर मीडिएट की परीक्षा में टॉपटेन में रहने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं को धनराशि रू0–21 हजार का चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने मेधावी छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दीं। उन्हांने कहा कि इस तरह के समारोह जब होते हैं तो उनमें प्रतिभाग करना सौभाग्य की बात होती है। उन्होंने कहा कि विद्या एक ऐसी धन हैं, जिसका कोई दूसरा विकल्प नहीं हैं, विद्या की महत्ता का उल्लेख प्राचीन ग्रन्थों में भी हुआ है। उन्होंने छात्र–छात्राओं को मोटिवेट करते हुए कठोपनिषद में वर्णित नचिकेता का उल्लेख करते हुए कहा कि समग्र अध्ययन पर विशेष ध्यान दिया जाय तथा कठोर परिश्रम कर अपने सपने को साकार करें। उन्होंने कहा कि तात्कालिक सुख के पीछे न भाग कर दीर्घकालिक सुख पर ध्यान केन्द्रित करने से हम जीवन में नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर अपने देश, प्रदेश व जनपद का नाम रोशन कर सकतें है। सम्मान समारोह में हाईस्कूल–धर्मा देवी इंटर कॉलेज के छात्रध्छात्रा श्री पंकज कुमार सरोज, अनामिका देवी, दिया गिरि, प्रान्सी अग्रवाल एवं आर्यन पाण्डेय, दुर्गा देवी इंण्टर कॉलेज के छात्र श्री आकाश दीप सिंह, धनपत्ती देवी श्याम नारायण इंटर कॉलेज के छात्र श्री यश पाण्डेय, कृषक इण्टर कॉलेज के छात्र नितिन कुमार, श्री हनुमान इंटर कॉलेज की छात्रा अनामिका कौशल, श्री मानसिंह इण्टर कॉलेज के छात्र भूपेन्द्र कुमार एवं ग्लोवल इंटर कॉलेज के छात्र आकाश कुमार तथा इण्टरमीडिएट–धर्मा देवी इंटर कॉलेज छात्रध्छात्रा दिव्या साहू, रितेश कुमार, रावेन्द्र प्रताप सिंह, व नेहा साहू, उदय श्याम इंटर कॉलेज की छात्रा साक्षी दिवाकर, आदर्श इंटर कालेज के छात्र अनिकेत कोटारया, दयानन्द सरस्वती ज्ञान मन्दिर की छात्रा उदयशीला, रियाज इंटर कॉलेज के छात्र रवीन्द्र यादव, विट्ठल भाई पटेल शिक्षा सदन की छात्रा आकांक्षा देवी एवं डॉ0 भीम सिंह कुसुम इंटर कॉलेज की छात्रा आरूषि गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्री संतोष कुमार मिश्रा सहित सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं मेधावी छात्र–छात्रायें उपस्थित रहें।

## पतंजलि ऋषिकुल ने हर्षोल्लास से गणतंत्र दिवस के साथ मनाया वसंतोत्सव

आज दिनांक 26 जनवरी 2023 को पतंजलि ऋषिकुल का प्रांगण गणतंत्र की तेजस्विता के साथ वसन्तोत्सव के आनन्द रस से सराबोर हो गया ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की पूजा–अर्चन एवं प्रार्थना से हुआ द्य इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय सचिव श्री यशोवर्धन जी एवं निदेशिका मैम रेखा बैद गुप्ता जी, को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्य अतिथि श्री यशोवर्धन जी द्वारा झंडा फहराया गया । एनसीसी छात्रों के द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई। जन गण मन की धुन से प्रांगण गूंज उठा ।

प्रधानाचार्य पतंजलि ऋषिकुल श्री नित्यानंद सिंह जी ने स्वागत भाषण में भारत की गरिमा को बताते हुए कहा कि हम सभी को गर्व है भारतीय संविधान पर, संवैधानिक मूल्यों पर, भारतीय संस्कृति एवं दर्शन पर, लोकतांत्रिक परंपराओं पर जिनके द्वारा भारत एक आधुनिक, प्रगतिशील , आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में विकसित हुआ है। भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था तभी पूर्ण सफल हो सकती है जब यहाँ निवास करने वाला प्रत्येक नागरिक अपनी पूर्ण सहभागिता दर्ज कराएद्य लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे छोटी इकाई परिवार होती है और परिवार के केन्द्र में नारी होती है । परिवार के सारे घटक उसी के चतुर्दिक घूमते हैं, वहीं पोषण पाते हैं और विश्राम। वही सबको एक माला में पिरोये रखने का प्रयास करती है। किसी भी समाज का स्वरूप वहां की नारी की स्थिति पर निर्भर करता है। यदि उसकी स्थिति सुदृढ़ एवं सम्मानजनक है तो समाज भी सुदृढ़ एवं मजबूत होगाद्य उन्होंने मुख्य अतिथि, अभिभावकों, शिक्षकगण एवं बच्चों को गणतंत्र दिवस एवं वसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी

गणतंत्र के लिए जनभागीदारी में नारी सशक्तिकरण के विषय में आर्या राजवंशी के द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किया गया द्य वसंतोत्सव के उछाह का प्रदर्शन छात्रो के द्वारा की गयी नृत्य प्रस्तुति से हुआ द्य स्वतंत्रता आन्दोलन में प्रथम महिला वीर सेनानी झांसी की रानी पर विद्यालय की छात्रा आर्या राजवंशी ने कविता पाठ किया

छात्र एवं छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत नृत्य 'तु ही तु' में समाज में नारी के महत्त्व को दर्शाया गया वहीं ऋतु आ गई गीत पर छात्र– छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत कर वसंतोत्सव के आनंद से विद्यालय प्रांगण में उपस्थित प्रत्येक जन मानस के मन को आह्लादित कर दिया द्य छात्र–छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत गीत 'ओ मातृभूमि ओ जन्मभूमि' ने मन में राष्ट्र प्रेम की अमृतमयी रस धरा से सिंचित किया द्य सी.बी.एस.ई के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वालों छात्रों को प्रशस्ति पत्र के द्वारा सम्मानित भी किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के सचिव श्री यशोवर्धन जी और विद्यालय की निदेशिका मैम रेखा बैद जी ने शिक्षकों एवं बच्चों को गणतंत्र दिवस के साथ–साथ वसंत पञ्चमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने वक्तव्य के माध्यम से छात्र–छात्राओं को एक जिम्मेदार नागरिक बनने तथा वर्तमान में अपने शिक्षा के प्रति दायित्व को निभाने के लिए प्रेरित किया । साथ ही अपने संदेश में उन्होंने यह भी कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था तभी दृढ़ होगी जब वहाँ की नारी सशक्त होगी द्य भारतीय महिला सृष्टि के आरंभ से अनन्त गुणों की आगार रही है। पृथ्वी की सी सहनशीलता, सूर्य जैसा तेज, समुद्र की गम्भीरता और चन्द्रमा जैसी शीतलता महिला में विद्यमान है। वह दया,करूणा, ममता, सहिष्णुता और प्रेम की पवित्र मूर्ति है। नारी का त्याग और बलिदान भारतीय संस्कृति की अमूल्य निधि है। पतंजलि ऋषिकुल विद्यालय की उपाध्यक्षा डॉ कृष्णा गुप्ता जी ने अपने प्रेषित संदेश में गणतंत्र दिवस के साथ–साथ वसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों एवं बच्चों को, देश को सुदृढ़ एवं संगठित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा किसी भी गणतंत्र में महिलाओं की सहभागिता के विना उसका पूर्ण सफल होना मुश्किल है द्य समाजिक व्यवस्था की धुरी होती है महिलाएँ द्य महिला एक सनातन शक्ति है। वह आदिकाल से सामाजिक दायित्वों को अपने कन्धों पर उठाए आ रही है

## प्रबुद्ध पाठशाला के बच्चों ने लिया संकल्प गरीबी खत्म कर देश मे लाएंगे समता

प्रयागराज 26 जनवरी, बहुजन समाज के सात से सत्रह आयु वर्ग के बच्चों के सृजनात्मक, कलात्मक और व्यक्तित्व विकास के साथ बहुजन रंगमंच के पुनर्स्थापत्य व उनके शैक्षिक विकास के लिये प्रतिबद्ध प्रबुद्ध फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रबुद्ध पाठशाला के लगभग सैकड़ों बच्चों ने गणतंत्र दिवस की 74 वीं वर्षगांठ हर्षोउल्लास के साथ बुद्ध वंदना, त्रिशरण, पंचशील के साथ राष्ट्रगान का संगायन कर मनाया।

प्रबुद्ध पाठशाला के संयोजक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रंगकर्मी रंग निर्देशक आईपी रामबृज ने झंडारोहण कर बच्चों को गणतंत्र दिवस के विषय में विस्तार से बताया। रामबृज ने गणतंत्र दिवस पर खेद व्यक्त करते हुये कहा कि अभी 15 अगस्त को आजादी का अमृत महोत्सव हम भारत के लोगों ने बड़े ही धूमधाम से मनाया और हर घर पर तिरंगा भी फहराया। अगले वर्ष हम भारत के लोग गणतंत्र दिवस का भी अमृत महोत्सव मनाएंगे और हर घरों पर तिरंगा झण्डा भी फहराएंगे और आने वाले अगले पच्चीस साल में हम भारत के लोग आजादी का सौवा वर्ष भी मनाएंगे लेकिन भारतीय लोकतंत्र में देश और प्रदेश की सत्ता पर काबिज होती रही चली आ रही सत्ताध ारी पार्टियां क्या देश मे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से देश को एक दीमक की तरह भीतर ही भीतर खोखला करती रही चली आ रही जातिवादी व्यवस्था, भेदभाव, छुआछूत, ऊँचनीच, पाखण्ड, कुरीतियो को नष्ट कर भारत को एक विकसित राष्ट्र बना पाये? क्या देश में गरीबी और अमीरी की खाई को कम कर पाए? क्या देश में दोहरी शिक्षा नीति समाप्त कर एकल शिक्षा पद्धति लागू कर पाए ? क्या आज सभी को दो जून की रोटी, तन पर कपड़ा और रहने का मकान मोहैया करा पाए ? क्या ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों को अच्छी शिक्षा, अच्छी चिकित्सा और सम्मानजनक रोजगार दे पाए ? अर्थात देश की सत्ता पर ज्यादातर काबिज होती रही चली आ रही पार्टियों का दोहरा चरित्र हाथी के दो दांत सिद्ध हो रहे है। आज देश के सरकारी सिस्टम को खत्मकर सरकारी संस्थानो को निजी हाथों में बेचकर देश को निजीकरण के दलदल में धुसाना यानि देश को अप्रत्यक्ष रूप से गुलाम बनाने की प्रक्रिया में ले जाना सिद्ध हो रहा है।

रामबृज ने बच्चों को आगे बताया कि भारत जिसे कभी सोने की चिड़िया कहां जाता था। जिस देश मे दूध की गंगा बहती थी क्या उस सम्मान को पुनः वापस दिला पाएंगे ? बच्चों ने शिक्षा के माध्यम से भारत की खोई हुई विरासत को पुनः वापस दिलाने के साथ देश की अमीरी गरीबी की खाई को समाप्त कर समतावादी राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में रामनरेश, रामशंकर, फूलचंद्र, रामानंद, धीरज, श्यामबाबू, रमाकांत, पिंटू, अमर बहादुर, शिव प्रसाद, सुभाष चन्द्र, अमर जीत, राजाराम, बनवारी लाल, संजीत, आकाश, रतन, रीता, गुड्डी, अनीता, सुनीता, मंजू, रामसवारी के साथ सैकड़ो बच्चे उपस्थित रहे।

## ज्वाला देवी सिविल लाइंस में बोर्ड परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम 2023 का किया गया लाइव प्रसारण

ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सिविल लाइन प्रयागराज में दिनांक 27 जनवरी 2023 को विद्यालय के विशाल सभागार में बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया जिसमें कक्षा दशम और द्वादश के छात्रों ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के विचारों को सुना तथा परीक्षा में किस प्रकार सफलता प्राप्त की जाए उसकी टिप्स प्राप्त। कार्यक्रम में कक्षा दशम और द्वादश के सभी भैया उपस्थित रहे

## मण्डलायुक्त ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयुक्त कार्यालय में ध्वज फहराया

मण्डलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत ने गुरूवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयुक्त कार्यालय में ध्वज फहराया तथा राष्ट्रगान के बाद उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान के उद्देशिका की शपथ दिलायी। ''हम, भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व–सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार– अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं''।

ध्वजारोहरण के बाद मण्डलायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी नागरिकों के लिए यह एक बहुत बड़ा दिवस है। आज के दिन ही हमारा संविधान लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार प्रदत्त किये गये है। उन्होंने कहा कि विकास की मुख्यध ाारा में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित हो, प्रत्येक नागरिक धर्म, जाति, क्षेत्रवाद, सम्प्रदायवाद एवं भाषावाद से ऊपर उठकर अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करते हुए देश को विकास के सर्वोच्च शिखर पर ले जाने में अपना पूर्ण योगदान प्रदान करें। इस अवसर पर अपर आयुक्तगणों के अलावा आयुक्त कार्यालय के समस्त अध िकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने 74वें गणतंत्र दिवस पर कलेक्ट्रेट में झण्डा फहराया

जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने 74वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में झण्डा फहराया। इस अवसर पर सभी लोगो को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित अधिकारियोंध्कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को संविधान के संकल्प व सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने संगम सभागार में भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को पुष्प एवं शाल देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है। एक अच्छी शासन व्यवस्था के लिए आवश्यक सभी बातों को हमने संविधान में शामिल किया है। हमारे संविधान की मुख्य विशेषता मूलाधिकार है, जिसके माध्यम से हर व्यक्ति को समानता, स्वतंत्रता का अधिकार मिला हुआ है और कोई भी व्यक्ति अपनी प्रतिभा व परिश्रम से कोई भी पद प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीयता व देश प्रेम की भावना के बदौलत ही आज हम इस मुकाम पर पहुंचे है कि कोविड के वैक्सीनेशन की प्रशंसा पूरी दुनिया में हुई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है, जो कि हम सबके सहयोग के बिना सम्भव नहीं है। इसे और तेज गति से आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। हमें प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा का सम्मान करना चाहिए। हमें जो परोपकार, दया, साहस, वीरता जैसे मूल्य विरासत में मिले है, उन्हें बनाये रखना तथा अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन श्री हर्षदेव पाण्डेय, एडीएम नजूल श्री प्रदीप यादव, एडीएम वित्त एवं राजस्व श्री जगदम्बा प्रसाद, एडीएम सिटी श्री मदन कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट श्री सत्यप्रिय सिंह सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## यूपी गजेटियर के अनुसार इन्होंने अरबी व फारसी में अनेक पुस्तकों की रचना की है

प्रयागराज पिरजादो की बाग नई बस्ती कीटगंज स्थित विश्व प्रसिद्ध दरगाह पर सूफ़ी संत शैख मुहिब उल्लाह इलाहाबादी दादा मियाँ सरकार का 376 वाँ सालाना उर्स 31 जनवरी से शुरू

बताया गया है कि सूफ़ी संत शेख मुहीबउल्लाह इलाहाबादी हिंदी के शिरोमणि कवि सूरदास जी , कबीरदास जी व तुलसीदास जी के समकालीन थे।

यूपी गजेटियर के अनुसार इन्होंने अरबी व फारसी में अनेक पुस्तकों की रचना की है। इनकी समस्त रचनाएं सांप्रदायिक सद्भावना का संदेश देती हैं।

शेख मुहीबउल्लाह इलाहाबादी मखदूम साबिर पाक बाबा फरीद गंजेशकर, ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती अजमेरी गरीबनवाज के चिश्ती सबरी शाखा मे हैं। भारत में शेख साहब को वहदतुल वजूद का सबसे बड़ा प्रवक्ता मना जाता है इसलिए आपको इब्ने अरबी हिंदी भी कहा जाता है।

चिश्ती सिलसिले के महान सूफ़ी शाह मुहिबउल्लाह इलाहाबादी शाहजहां के शासन काल में ख्याति प्राप्त विद्वान धर्म ज्ञाता एवं दार्शनिक थे। सूफ़ी सम्प्रदाय में वहदत उल वजूद विचारधारा के महान समर्थक थे।

शेख साहब के बारे में ख्यात है कि इन्होंने सदैव हिंदू–मुस्लिम एकता पर बल दिया, आपस मे अमन भाईचरगी इंसानी मुहब्बत की तालीम दी जिसके कारण दोनों ही संप्रदाय के लोग शेख साहब के अनुयायी बने। सभी में उनके प्रति अपार श्रद्धा है। मुगल सम्राट शाहजहाँ का बड़ा बेटा शहजादा दारा शिकोह भी शाह मुहिब उल्लाह साहब से बड़ी आकीदत रखता था और उनको अपना रूहनी गुरु मानता था

शाह मुहिबउल्लाह इलाहाबादी के वहदतुलवुजूद के दृष्टिकोण से दाराशिकोह विशेष प्रभावित था और उसे इस दृष्टिकोण में आस्था थी।

जब इलाहाबाद का सूबा दाराशिकोह को प्राप्त हुआ। और वह इलाहाबाद पहुंचा तो शाह मुहिबउल्लाह को एक पत्र में लिखा कि यहां आने की प्रसन्नता केवल इस कारण से है कि यह जनाब (शाह मुहिबउल्लाह) का निवास स्थान है।

एक बार दारा शिकोह ने शाह मुहिबउल्लाह से कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर राय जानना चाहा जिसमें एक विषय यह भी था कि हुकूमत के कार्य कलापों में हिन्दू एवं मुसलमान में भिन्नता करना उचित है अथवा नही,शाह मुहिबउल्लाह ने इसके उत्तर में दारा शिकोह को लिखा कि (अनुवाद) फ़कीर कहां और नसीहत कैसी सच बात तो यह है कि खल्के खुदा का ध्यान प्रशासक को होना चाहिए क्या हिंदू व मुसलमान सब पर रहम करना बादशाहों के लिए यही उचित है। और जब फैसला देना तो ये मत देखना कौन हिन्दू है और कौन मुसलमान बल्कि ये देखना कौन सच पर है बादशाहों की यही पहचान है। रसूल ने कुरान के माध्यम से फुतूहाते मक्किया में इस बात को वर्णित किया है कि श्वमा अर सलनाकुम इल्लारहमतुल आलमीनश किसी एक के लिए आप नहीं भेजे गये अर्थात पूरी दुनिया के लिए आप रहमत है ।

प्रत्येक वर्ष इस्लामी पंचांग के अनुसार आठ और नौ रजब को शाह मुहिबउल्लाह का उर्स एवं फातिहा होता है। आठ रजब मुताबिक 31 जनवरी को सूर्यास्त के समय कीडगंज मजार पर फातिहा पढ़ा जायेगा तथा नौ रजब मुताबिक 1 फरवरी को सुबह की नमाज के बाद कुरानखानी तथा जुहर की नमाज (मध्याह्न) के बाद महफ़िल ए समा कव्वाली व असिर की नमाज के बाद फातिहा बहादुरगंज स्थित शाह मुहिबउल्लाह साहब के घर पर होना हैं । इन अवसरों पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर श्रद्धा के सुमन अर्पित करते हैं।

## गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन प्रयागराज में हुआ

परम् पूज्य योग ऋषि स्वामी जी महाराज एवं आयुर्वेद शिरोमणि श्रद्धेय आचार्य श्री के आशीर्वाद से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी 2023 गणतंत्र दिवस कार्यक्रम राज्य कार्यालय भारत स्वाभिमान, नन्द गार्डेन, चकिया, प्रयागराज उत्तर प्रदेश पूर्व में जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान न्यास वीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में ध्वजारोहण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

राज्य एवं जिला संरक्षक, सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ–साथ प्रयागराज जिले के पांचों संगठनों (भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योग समिति, युवा भारत, महिला पतंजलि योग समिति, पतंजलि किसान सेवा समिति) के सभी संरक्षक, जिला प्रभारी एवं तहसील के पदाधिकारीगण, योग कक्षा संचालक भाई–बहनों एवं वरिष्ठ कार्यकर्तागण गणतंत्र दिवस में सभी योगी भाई–बहन भाग लिए

## मेहनत से मिली सफलता अनुपम होती है–जिलाधिकारी

जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने शुक्रवार को कार्यालय के सभागार में माध्यमिक शिक्षा परिषद वर्ष 2022 में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के मेधावी छात्रों को लैपटॉप, एक्कीस हजार का चेक एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया एवं सभागार में उपस्थित परिजनों से भी वार्ता की तथा उनका अनुभव जाना कि कैसा फील हो रहा है। उन्होंने बच्चों से पूछा कि आप क्या बनना चाहते है तथा बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत से मिली सफलता अनुपम होती है तथा मेहनत से परिणाम अच्छा आता है। बच्चों को बहुत–बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्री पी0एन0 सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण एवं परिजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने हाईस्कूल के ओम मिश्रा, शाइस्ता पटेल, अभ्युदय मिश्र, मानसी शुक्ला, यशवर्धन केसरवानी, सिद्धार्थ शुक्ला एवं शास्वत मिश्र तथा इण्टर के दीपिका कुशवाहा, श्वेता सिंह, अल्का सिंह, खुशी भारतीया, ज्योति विश्वकर्मा, तनिया पाण्डेय, सौम्या पाण्डेय, निधि सेठ सहित अन्य छात्रों को सम्मानित किया।

## यूईंग क्रिश्चियन महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम व चित्र प्रदर्शनी का समापन

प्रयागराज 27 जनवरी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज द्वारा आज पूर्वाह्न 11:00 बजे से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित परीक्षा पे चर्चा 2023 कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सेंट कोलम्बस स्कूल राजापुर में छात्राओं व अध्यापकों के दिखाया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर के छात्र–छात्राओं को संबोधित किया और उनके द्वारा पूछे गए सवालों को आसानी से समझाया। प्रधानमंत्री ने देश भर के बच्चों को परीक्षा को लेकर तनाव, चिंता, डर को उदाहरण देकर दूर करने के तरीके बताये। पूरे कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को छात्राओं ने पूरे उत्साह से देखा।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के बाद छात्राओं के मध्य पूजा नेगी व सुभाष उपाध्याय की देखरेख में नारा लेखन व पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजयी छात्राओं को केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज की ओर उप निदेशक आरिफ हुसैन रिजवी व कालेज की प्रधानाचार्य क्रिस वेल द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ब्यूरो के सहायक राम मूरत ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा बतायी गयी बातों को अपने जीवन में लागू करें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को आजादी का अमृत महोत्सव से संबंधित हैण्डबिल उपलब्ध कराया गया।

यूईंग क्रिश्चियन महाविद्यालय गऊघाट में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय मतदाता दिवस व गणतंत्र दिवस पर आयोजित दो दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम के समापन पर कालेज परिसर में ध्वजारोहण के बाद मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता, आर्थिक विकास के द्वारा हम विश्व की सभी समस्याओं का निराकरण कर सकते है विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता, देशभक्ति गायन प्रतियोगिता तथा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ब्यूरो के वरिष्ठ सहायक राम मूरत द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संचालित की गयी। प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को विभाग की ओर से प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान किये गये। कार्यक्रम के दौरान ब्यूरो के उप निदेशक आरिफ रिजवी द्वारा अतिथियों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार शुक्ल ने कहा कि गणतंत्र दिवस भारतीय इतिहास का स्वर्णिम दिन है आज ही के दिन भारत एक लोकतांत्रिक और संवैधानिक राष्ट्र बना था। आज इस गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और गौरव व सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने का समय है। वक्ता अजीत कुमार एडवोकेट हाईकोर्ट ने कहा कि यह संविधान ही है जो देशवासियों को एक सूत्र में बांधे रखता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ0 प्रशान्त कुमार प्रोफेसर आईआईटी बीएचयू, डॉ0 उमेश प्रताप सिंह प्रोफेसर अर्थशास्त्र, डॉ0 सूरज गुणवन्त, डॉ0 प्रेम प्रकाश सिंह, डॉ0 जान कुमार व डॉ0 अरुणेय मिश्र, डॉ0 मंजू तिवारी, डॉ0 प्रियंका विनिलाल, डॉ0 प्रदीप कुमार प्रिया, डॉ0 अमिताभ शाद, डॉ0 सुदीप कीर्ति आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोकगीत बिरहा संगठन प्रयागराज के कलाकारों द्वारा संदेशमूलक लोकगीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को प्रचार साहित्य व न्यु इंडिया समाचार उपलब्ध कराया गया।

## सम्पादकीय

# अपना तिरंगा लहराए

आओ देशवासियों अपना
तिरंगा लहराए
आजादी के गीत
उन्नति के गाने गाये
हम वो वीर वतन के
जिनकी अंगारो की वाणी
हम वो लाल देश के
जिनकी आज नहीं है सानी
हमने कभी न हिम्मत हारी
हार न हमने मानी
अब भी चमक रहा है
अपनी तलवारों मै पानी
दोस्त बने जो देश हमारे
उनको गले लगाए
दुश्मन हो जो देश हमारे
उनको मजा चखाए
हम वो राणा है जिनके
भाले की नोक तड़पती
हम वो शिवा है जिनकी
तलवारों की धार चमकती
देश की आन न जाने दे
हम ऐसे हिंदुस्तानी
जो हमसे टक्कर ले
उसको याद करा दे नानी
डॉ रामशंकर चंचल
झाबुआ मध्य प्रदेश।

# हम और हमारा भारत

हम और हमारा
भारत उदात्त है
भारत के हर कोने से
सजा मेरा गीत है ।
यहाँ की धरा से
मेरी रीत है ।
वतन की संस्कृति ही
मेरा परिवेश है ।
यहाँ की प्रकृति से
मुझे प्रीत है ।
हम और हमारा भारत
उदात्त है
भारत के हर कोने से
मेरा गीत है ।
धरती और गंगन से ही
मेरा प्रतीक है ।
मातृभूमि के तन मन से
ही मेरी प्रतीति है ।
भारत हर कण से
बना मेरा गीत है ।
हम और हमारा भारत
उदात्त है
भारत के हर कोने से
मेरा गीत है ।
भारत देश ही मेरा
परिवेश है ।
यहाँ का हर कोना ज्ञान का
अद्भुत भंडार है ।
मिला जो सबने उपहार में
स्वाभिमान है ।
हम और हमारा भारत
उदात्त है
चुना जो बगियाँ से एक वो
फूल चुना है ।
वही शून्य से शिखर को
जाता है ।
वो चुना जो चमन में वो ही
मेरा गीत है ।
भारत के हर कोने से
सजा मेरा गीत है ।
हम और हमारा भारत
उदात्त है ।
स्वरचित
पूजा शर्मा
विदिशा मध्यप्रदेश

# मनमानी व्याख्याओं के बीच डॉ. आंबेडकर, क्या वास्तव में हिंदू विरोधी थे

राजनीतिक स्वार्थों के अनुसार डॉ. भीमराव आंबेडकर की सुविधाजनक स्वीकार्यता, उनके क्रांतिकारी विचारों पर पर्दा और जीवन से जुड़ी घटनाओं की भिन्न–भिन्न व्याख्याओं के बीच उनकी पत्नी डॉ. सविता आंबेडकर एक नई शख्सियत से परिचय कराती हैं। 1990 में प्रकाशित, मराठी में लिखित उनकी पुस्तक आंबेडकरांच्या सहसावात का उनके निधन के उन्नीस साल बाद अंग्रेजी में आई बाबासाहब रू माई लाइफ विद डॉ. आंबेडकर सही परिप्रेक्ष्य में तत्कालीन समाज और राजनीति से बाबासाहब के संघर्ष को पेश करती है। बाबासाहब के निजी जीवन, महिलाओं और परिवार के प्रति अब तक कम ज्ञात उनके विचार भी सामने आते हैं। श्मैं हिंदू धर्म में पैदा हुआ था, लेकिन उसमें रहकर मरूंगा नहींश, यह घोषणा कर बौद्ध बन जाने वाले डॉ. आंबेडकर क्या वास्तव में हिंदू विरोधी थे? प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से उनके विरोध का कारण क्या था? एक दौर में उन्हें ब्रिटिश सत्ता का चाटुकार बताया गया। हकीकत क्या थी? 'जाति के विनाश' का उनका मिशन कितना सफल रहा? उनके प्रति कुछ गैर–सवर्ण जातियों का व्यवहार कैसा था? 1947 में भारत जिस रूप में मिला था, उसे अक्षुण्ण रखने में बाबासाहब का क्या योगदान है? बाबासाहब के जीवन के अंतिम दशक में उनकी डॉक्टर, तीमारदार, सहायक, संगिनी और वस्तुतः संरक्षक रहीं डॉ. सविता की पुस्तक कई सवालों का जवाब देने के साथ ही बहुत सारी गुत्थियों को सुलझाने में मदद करती है। नेहरूकालीन भारत का एक बड़ा विवाद रहा है हिंदू कोड बिल। आम धारणा है कि इस बिल को प्रतिष्ठा का विषय बना बाबासाहब ने नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था। सच यह है कि कोड बिल एकमात्र कारण नहीं था।

# चलो आजाद करें आज खुद को




और करें आजादी को सार्थक आज हम न जाने कितनी ही पुराने रीति रिवाज, संकीर्णता और सोच विचार के बंधन में जकड़े है कि हम सब कुछ भूल गए मानवता, सहजता सरलता और प्रेम प्यार स्नेह, अपनापन आदि आदि अच्छाई जो सार्थक हो देश और समाज का और परिवार के हित में थी लेकिन हम न जाने कितने ही बंधन में जकडे है तो आओं आजादी के महापर्व पर हम सबसे पहले खद्दुद को खुद के विचार और सोच को मुक्त करें

इन सब गलत मानसिकता से जिसने हमारा देश का जीना हराम कर रखा है अपनाये सभी के प्रति सम्मान आदर फिर हो कोई भी हो, फिर हो कैसा भी धर्म हो, फिर हो अमीर हो या गरीब सभी को स्नेह प्यार से स्वीकार कर समाज में देश में मानवीयता को अपनत्व को जागृत करें जब तक हम खुद संक्रियता, गलत मानसिकता से मुक्त नही हो जाते आजादी का कोई अर्थ नही है कैसी विडम्बना है कि आज हम कहने को आजाद है जबकि

हम स्वयं न जाने कितने ही रोज के बंधनों मे जकड़े जी रहे है कभी समाज का डर कभी राजनीति का डर कभी हमारें धर्म का डर कभी घर के, परिवार का डर लगता हैं जो हमें जकड़े हुए
जीने नही देता हैं आजादी से , यह एक
ऐसा सत्य है जिसे हम सब जानते है किंतु साहस नही कर पाते है इस गलत मानसिकता से मुक्ति का लेकिन यह साहस देश, समाज और मानवता के हित में लेना होगा और हमें खुद को न जाने कितनी ही गलत मानसिकता से मुक्त करना होगा जो आज और नितांत आवश्यक हो गया है अब भी समय है हम चेत जाय और सार्थक कार्य करते हुए देश और समाज के हित में सोचे अपने स्वार्थ को भूले जो आज भले ही सुखद लग रहा हो किंतु सच यह की यह खुद के लिए भी घातक और नुकसान दायक है जिसे हम सब कुछ समझते हुए भी अपनाये हुए है
डॉ राम शंकर चंचल झाबुआ मध्य प्रदेश।

# भारतीय संविधान के स्थापना का पर्व गणतंत्र दिवस

26जनवरी गणतंत्र दिवस हमारे देश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय पर्व,जिसको मनाने के लिए हमारे देश की जनता आतुर होती रहती है।और धूमधाम के साथ तैयारी में लग जाती है।यह पर्व हमारे लिए विशेष महत्व रखता है, जिसको मनाने के लिए तन मन मे आशा विश्वास,और उत्साह के साथ राष्ट्रीयता की भावना अनायास ही जाग जाती है। गणतन्त्र दिवस हमारे लिए वह पर्व है, जिसने हमारी खोई हुई अस्मिता,खोया हुआ स्वाभिमान,खोया हुआ अधिकार,खोया हुआ सम्मान हमे वापस दिलाने के लिए एक नई इबादत लिख दिया था।जिसके कारण आज हम अमन चौन के साथ स्वतन्त्रता के साथ भारत की पावन मिट्टी में जी पा रहे हैं।

आइए हम नमन करें,आभार प्रदर्शन करें उन महापुरुषों को,उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को जिन्होंने अपना तन मन धन समर्पित कर देश की आन–बान–शान मर्यादा, स्वाभिमान को बचाए रखने में अपनी महती भूमिका निभाई है।जिन्होंने अपने प्राणों की बलि देकर हमारे देश को आजाद कराया।उनको नमन करें,जिनके चलते आज हम चौन की सांस ले पा रहे हैं।इस आजादी से हमारी अपनी लोकतंत्र की स्थापना हो पायी।यह हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार था।इस उपहार को पाकर हमे यूँ ही नही भूलना चाहिए।इस उपहार के लिए हमारे देश के महापुरुषों ने जो त्याग बलिदान समर्पण किया है उसे भुलाया नही जा सकता।जिनमे डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद जी,पंडित नेहरू जी,डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जी के योगदान को सदा याद किया जाना चाहिए,जिन्होंने हमारे देश के संविधान को मूर्त रूप दिया।जिन्होंने हमारे देश की जनता को यह संविधान समर्पित किया।हर साल हम 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हैं इस वर्ष भी हम 74 वाँ गणतंत्र दिवस मनाने जा रहे हैं, इसी दिन हमारे देश का संविधान लागू किया गया था।और इस सविधान में ये संकल्पना की गई है कि हमारे देश मे भय भूख गरीबी अशिक्षा असमानता गुलामी हमेशा हमेशा के लिए खत्म हो जाए।इसके लिए

पंडित जवाहर लाल नेहरू 31 दिसम्बर 1930 को रावी नदी के तट पर धरना पर आते हुए पूर्ण स्वाधीनता दिवस 26 जनवरी को मनाने की घोषणा की थी। और वह शुभ दिन आया भी।

1947 में स्वतंत्रता की प्राप्ति के पश्चात डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद जी को संविधान सभा मे अध्यक्ष के रूप में चुने गए।और वे इसके अस्थायी सांसद के रूप में कार्य भी किया।संविधान बनाने के लिए डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर के योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता जिनकी भूमिका अहम मानी जाती है।

26 नवंबर 1949 का दिन को अहम माना जाता है,वह दिन इतिहास में स्वर्ण अक्षर में अंकित हो गया।इस तरह से संविधान सभा ने डॉ.बी.आर. आंबेडकर की अध्यक्षता में जो प्रारूप तैयार किया था।उसको स्वीकार किया।और इसी रूप में संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ।

जिसको बनाने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगा था।तो आइए ऐसे विश्व से अलग और महान भारत के इस संविधान का हम मान–सम्मान करें।जिसने हमे,सब कुछ देने के लिए कृत संकल्पित हैं।और हम यह संकल्प करें कि हमारे देश से भय भूख गरीबी अशिक्षा भ्र्ष्टाचार असमानता अराजकता आतंकवाद आदि का खात्मा करें।और रामराज्य के सपनो को साकार करेंगे।तभी यह गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व सार्थक हो सके। अशोक पटेल आशु व्याख्याता हिंदी 9827874578।



# वसंत पंचमी– श्रद्धा विद्या संगीत परंपरा व रंगो का उत्सव



वसंत पंचमी का पर्व माघ शुक्ल पंचमी तिथि पर होता है इसलिए इस साल 2023 में 26 जनवरी को मनायी जायेगी। यह पर्व मां सरस्वती को समर्पित है. इस दिन ज्ञान की देवी माता सरस्वती की विशेष पूजा की जाती है। इस साल बसंत पंचमी के दिन 4 शुभ योग बन रहा है. इस शुभ योग में देवी सरस्वती की पूजा एवं ये महाउपाय करने से भक्तों की हर कामना पूरी होती है।

1.शिव योग रू 26 जनवरी की सुबह 03 बजकर 10 मिनट से लेकर दोपहर 03 बजकर 29 मिनट तक रहेगा. इसमें ध्यान, पूजा का विशेष महत्व होता है.

2.सिद्ध योगरू शिव योग की समाप्ति के बाद सिद्ध योग शुरु हो जाएगा. जो पूरी रात्रि तक रहेगा. सिद्ध योग को बेहद शुभ माना गया है.

3.सर्वार्थ सिद्धि योगरू 26 जनवरी को शाम 06रू57 मिनट से लेकर अगले दिन 07रू12 मिनट तक रहेगा. इस योग में किए सभी कार्य सफल, संपन्न और सिद्ध होते हैं.

4.रवि योग रू शाम 06रू57 मिनट से लेकर अगले दिन सुबह 07रू12 मिनट तक रहेगा. इस योग में किए गए सभी कार्यों में सूर्य देव की कृपा से अमंगल दूर होते हैं और शुभता की प्राप्ति होती है।

वसंत के आगमन पर आह्लादित मन वसुधा के संग संग उल्लसित हो पीत वर्णी सा आभासित होने लगता है। इस समय रेशमी धूप में नहाई प्रकृति के सौंदर्य को देखकर चेतन जगत मानो एक अनहद नाद के सुर ताल पर थिरकने लगता है। पुष्प अपने सौंदर्य के चरम पर सुंगंधित सुवास से संपूर्ण धरा को स्वर्ग की आभा प्रदान कर देते हैं।

पौराणिक कथा के अनुसार सम्पूर्ण जगत में व्याप्त मौन और शिथिलता के फलस्वरूप भगवान विष्णु जी के आग्रह पर ब्रह्म ने कुछ बूँदें जल की छिड़की ,जिसके परिणामस्वरूप पद्दथ्वी लोक पर एक अद्भुत शक्ति का प्रादुर्भाव हुआ ।छः भुजाओं वाली अलौकिक ,अद्वितीय सुंदर स्त्री के हाथों में पुस्तक ,पुष्प ,कमंडल ,माला और वीणा थी ।देवी की वीणा के अनहद मधुर नाद से चहुंओर ज्ञान और उत्सव का वातावरण सृजित हो उठा । कण कण में नव सृजन नव प्राण संचरित होने लगा ।

नव चेतना ,नव स्फूर्ति ,उत्साह और उल्लास उभरने लगे ।एक दिव्य उर्जर उर्जा का प्रवाह समस्त सृष्टि में मुखरित हो प्रवाहित होने लगा ।

वेदों के रुप में ये संचित ज्ञान आज भी प्राणी मात्र को उत्कर्ष कर रहा है

शास्त्रों में वसंत पंचमी को ऋषि पंचमी भी कहा जाता है ।

पौराणिक कथानुसार वसंत को कामदेव का पुत्र कहा गया है

ष्काम ष्यानी कि सृष्टि का आधार ! हमारे शास्त्रों में इसे विकार नहीं ,बल्कि सृजन का आधार माना है ।

इसलिये इस ऋतु में वसंत पंचमी को विद्या की देवी सरस्वती और सदग्रंथों का पूजन किया जाता है ।भगवान विष्णु और कामदेव की आराधना की जाती है ।संगीतकार अपने वाद्ययंत्रों की पूजा करते हैं ।विद्यालयों और गुरुकुलों में माँ वीणापाणि और वेदों की अर्चना की जाती है ।

वसंतपंचमी वाणी, लेखनी,प्रेम,सौभाग्य,विद्या,कला सृजन,संगीत और समस्त ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली देवी मां सरस्वती से शुभ आशीष प्राप्त करने का दिन है।

इस दिन कामदेव,रति और भगवान विष्णु की भी पूजा की जाती है,वसंत पंचमी के दिन सुबह में ही मां सरस्वती की पूजा करने का विधान है।कैसे करें मां सरस्वती की पूजा?

इस दिन पीले,बसंती या सफेद वस्त्र धारण करें,पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके पूजा की शुरुआत करें।

मां सरस्वती को पीला वस्त्र बिछाकर उस पर स्थापित करें और रोली मौली, केसर,हल्दी,चावल,पीले फूल, पीली मिठाई,मिश्री,दही,हलवा आदि प्रसाद के रूप में उनके पास रखें।

मां सरस्वती को श्वेत चंदन और पीले तथा सफेद पुष्प दाएं हाथ से अर्पण करें,केसर मिश्रित खीर अर्पित करना सर्वोत्तम होगा।

मां सरस्वती के मूल मंत्र ध्ऐं सरस्वत्यै नमः का जाप हल्दी की माला से करना सर्वोत्तम होगा।

करें यह उपाय 1. अगर बच्चे को वाणी दोष है तो वसंत पंचमी के दिन उसकी जीभ पर केसर से चांदी की कलम द्वारा श्ऐंश बीज मंत्र लिखें ऐसा करने से वाणी दोष दूर हो जाते हैं।

2. गरीब छात्रों को पुस्तक,पेन आदि विद्या उपयोगी वस्तुओं का दान करें।

3. जिन बच्चों का पढ़ाई में मन कम लगता हो वो वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती को हरे फल अर्पित करे।

4. वीणा मां सरस्वती की सबसे प्रिय वस्तुओं में से एक है,इसे घर में रखने से सुख–शांति रहती है।

5. वसंत पंचमी के दिन वीणा को घर में ला सकते हैं।

6. हंस की तस्वीर या शोपीस घर में लाएं।

7. मोर पंख को इस दिन घर में लाना शुभ माना जाता है। इसे घर के मंदिर या बच्चों के कमरे में रखना चाहिए।

8. मां सरस्वती की मूर्ति घर में लाएं।

9. संगीत के क्षेत्र में रुचि रखने वाले मां सरस्वती को बांसुरी भेंट करें।

इसके अलावा आज सरस्वती पूजा पर मां सरस्वती के 12 नाम जरूर जपें–

प्रथम भारती नाम, द्वितीय च सरस्वती, तृतीय शारदा देवी, चतुर्थ हंसवाहिनी, पंचमम् जगतीख्याता, षष्ठम् वागीश्वरी तथा सप्तमम् कुमुदीप्रोक्ता, अष्ठमम् ब्रह्मचारिणी, नवम् बुद्धिमाता च दशमम् वरदायिनी, एकादशम् चंद्रकांतिदाशां भुवनेशवरी, द्वादशेतानि नामानि त्रिसंध्य यरू पठेनररू जिह्वाग्रे वसते नित्यमं ब्रह्मरूपा सरस्वती सरस्वती महाभागे विद्येकमललोचने विद्यारूपा विशालाक्षि विद्या देहि नमोस्तुते।

इसके अलावा माँ सरस्वती का मूल मंत्र का जप भी करें –मंत्र श्ऊँ ऐं महासरस्वत्यै नमः' शुभ वसंत! डॉ प्रतिभा गर्ग सिंगापुर।

# समृद्ध हो गणतंत्र हमारा

हमारे समृद्ध गणतंत्र को इस दुनियाने भी स्वीकार किया द्यसमृद्ध हो गणतंत्र हमारा का सपना हमने साकार किया द्यसमृद्ध गणतंत्र ने महान भारत में अपना आकार लिया द्यसख्त गुलामी की जंजीरें आजादी के यह दीवानों ने तोड़ी है,अंग्रेजों की ये गुलामी से देशभक्तों ने यहां इनकार किया द्यअंग्रेजी हुकूमत की कमर तोड़ दी हमारे इन रणबांकुरे ने,अंग्रेज भाग खड़े हुए ये भारतसे ऐसा उन पर प्रहार किया द्यसंविधान का महत्व क्या है हमने दुनिया को यह दिखलाया है,कहीं कमी रह गई तो संविधान मे फिर से हमने उसमे सुधार किया द्यसंविधान सभा ने ये नवनिर्मित संविधान का निर्माण किया, प्रजातंत्र के तिजोरी की चाबी का आज हमने भी दीदार किया दुनिया का सबसे बड़ा प्रजातंत्र है हमको इस पर नाज है लाल किले पर तिरंगा फहरा कर दुनिया को खबरदार किया छब्बीस जनवरी उन्नीस सौ पचास को ये संविधान लागू हो जाता है हमारे समृद्ध गणतंत्र को इस दुनियाने भी स्वीकार किया सीताराम पवार उ मा वि धवली जिला बड़वानी मध्य प्रदेश 9630603339।


सीताराम पवार

# रैपिड सर्वे में लगे लेखपालों को दिया गया प्रशिक्षण




संतकबीरनगर ।अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह द्वारा तहसील मेहदावल के सभागार में गत दिवस नगर निकाय चुनाव अंतर्गत तहसील क्षेत्र स्थित तीनों नगर पंचायतों मेहदावल, बेलहर कलां व धरमसिंहवा में पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में होने वाले पिछड़ी जाति के रैपिड सर्वे के लिए समस्त लेखपालों को प्रशिक्षण दिया गया। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सर्वे के संबंध में लेखपालों को बताया गया कि पिछड़ी जाति के व्यक्तियों की आयु के संबंध में 1 जनवरी 2011 की तिथि कट ऑफ तिथि होगी अर्थात उक्त तिथि के पश्चात जन्मे व्यक्तियों को गणना में शामिल नहीं किया जाएगा। आयु के संबंध में जांच किए जाने के बारे में उन्होंने बताया कि दसवीं का अंक प्रमाण पत्र, डिग्री अथवा पैन कार्ड भी मान्य होगा व जांच के दौरान आधार कार्ड को आयु जांच के लिए आधार न माना जाए। उन्होंने लेखपालों को वार्ड की चौहद्दी के अनुसार नजरी नक्शा बनाने तथा पूर्वोत्तर दिशा से क्रमांक प्रारंभ कर दक्षिण पश्चिम तक समाप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। क्रमांक किए जाने का कार्य इस प्रकार होना है कि किसी भी दशा में ओवरलैपिंग ना हो तथा मा0 आयोग को शुद्ध आंकड़े भेजे जाएं। उन्होंने आगे बताया कि सर्वे के समय तहसील तथा नगर पंचायत की टीम सम्मिलित रूप से जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्य करे ताकि इसमें किसी भी प्रकार की विसंगति ना उत्पन्न हो। उन्होंने इस कार्य को दिनांक 31 01 2023 तक समाप्त किए जाने हेतु सभी को निर्देशित किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह, तहसीलदार मेंहदावल निशा श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार हरेराम यादव व समस्त लेखपाल कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान



26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर जल जीवन मिशन द्वारा आयोजित जागरूकता अभियान चलाया गया. टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे राजू कुमार यादव के द्वारा बताया गया कि राष्ट्र सर्वोपरि है। प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के लिए ही जीना चाहिए. राष्ट्र आपको एक अलग पहचान दिलाता है जिसके झंडे के नीचे जीना वास्तव में एक गौरवानित महसूस होता है। गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर 26 जनवरी को प्रत्येक लोगों को आसपास के लोगों में देश के बारे में जानना तथा इतिहास को जानना और अपनों के बिच जानकारी देना और राष्ट्रहित कार्य करने के लिए लोगो को प्रेरित करना, प्रत्येक नागरिक का धर्म होना चाहिए।

उक्त कार्यक्रम में राजू कुमार यादव, संदीप यादव, महेंद्र यादव, विनय यादव, निखिल पाण्डेय. व स्थानीय लोग प्रभात शर्मा, राजू शर्मा, सूरज यादव, पंकज यादव , दुर्गेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, सिकंदर यादव, राजश्री, आदि लोग कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे।

# भारतीय सर्व सेवा संगठन महिला इकाई द्वारा ने ढेकहा स्थित फूलमती कुलदेवी मंदिर में छाए अंधेरे को लेकर उठाया आवाज

प्रदेश ढेकहा स्थिति सच्चा नगर फूलमती कुल देवी की मंदिर में कई महीनों से छाया अंधेरा––प्राची शुक्ला मंदिर में जल्द लाइट की व्यवस्था ना होने पर भारतीय सर्व सेवा संगठन महिला इकाई नगर वासियों के साथ में बैठेगी धरने पर––प्राची शुक्ला रीवा विधानसभा के ढेकहा स्थित सच्चा नगर फूलमती कुल देवी की मंदिर में कई महीनों से अंधेरा रहने की वजह से श्रद्धालुओं परेशान है । साथ में कुल देवी की मंदिर में अंधेरा रहने की वजह से नगरवासियों में भारी संख्या में रोष उत्पन्न हो रहा है । ऐसे में भारतीय सर्व सेवा संगठन महिला इकाई जिला उपाध्यक्ष प्राची शुक्ला ने कहा है कि अगर प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द कुल देवी के मंदिर में लाइट की व्यवस्था नहीं किया गया तो ऐसे में भारतीय सर्व सेवा संगठन महिला इकाई नगर वासियों के साथ में धरने पर बैठने के लिए मजबूर होगी जिसका जिम्मेदार प्रशासन होगा।



# गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्राचार्य प्रो.शरद नारायण खरे के संरक्षण व अध्यक्षता तथा डॉ.अंजली पंड्या के संयोजन–संचालन में शासकीय स्नातक महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अंतर्गत प्राचार्य महोदय ने स्टाफ व छात्राओं को शपथ दिलाई।

सप्ताह भर आयोजित विविध प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, निबंध, स्लोगन, चित्रकला आदि की विजेता व प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। अध्यक्ष–प्राचार्य विस्तृत व्याख्यान में लोकतंत्र की सुदृढ़ता के परिप्रेक्ष्य में सारगर्भित तथ्य प्रस्तुत करते हुए मताधिकार के प्रयोग की आवश्यकता पर बल दिया, तथा निष्पक्ष, निर्भीक व विवेकपूर्ण मतदान करने पर बल दिया।

डॉ आराधना दुबे,डॉ एसपी धूमकेती,डी के रोहितास, डॉ प्रदीप सोनी, डीएस बघेल सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। आभार प्रदर्शन डॉ अंजली पंड्या ने किया।

# ज्योति तनवानी को किया सम्मानित




राजस्थान,सीकर,राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मंगलवार को श्री श्याम बाबा भजन समिति के उपाध्यक्ष गो सेविका ज्योति तनवानी को गौ माता की सेवा कार्य एवं धार्मिक कार्य को देखते हुए राष्ट्रीय हिंदू महासभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ एवं एमके डिफेंस अकैडमी डायरेक्टर कविता जाखड़ ने गणेश जी और लक्ष्मी जी की चित्र भेट देकर सम्मानित किया इस अवसर पर श्री श्याम बाबा भजन समिति की ओर से अध्यक्ष राज कुमार त्रिपाठी, संयोजक एवं सचिव श्याम भक्त राम गोपाल गोपी,सह सचिव विरेंद्र कुमार माथुर,संरक्षक राधारमण जयपुर,महेश शर्मा खाटू श्याम जी,ओम प्रकाश माथुर,सुरेश अग्रवाल, व सलाहकार सत्य पटेल, सहित सभी श्याम प्रेमियों ने ज्योति तनवानी को बधाई दी।

# डॉ. राधाकांत शर्मा मथुरा रेडियो से देंगे बसन्त पंचमी की जानकारी



मथुरा–वृन्दावन केंद्र से नगर के युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा की ब्रजवार्ता ष्बसन्त पंचमी कौ पौराणिक एवं धार्मिक महत्वष का प्रसारण 26 जनवरी 2023 को केंद्र द्वारा किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए आकाशवाणी मथुरा–वृन्दावन केंद्र के ब्रज साहित्यिक कार्यक्रमों के निष्पादक डॉ. देवेन्द्र सारस्वत ने बताया कि ऋतु बसंत के स्वागत में माघ शुक्ल पंचमी को देशभर में मनाए जाने वाले ष्बसंत पंचमीष के महत्व पर युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा की ब्रजवार्ता का प्रसारण केंद्र से 26 जनवरी 2023 गुरुवार को सायं 07रू05 बजे से किया जाएगा ।जिसका वाचन ब्रज भाषा में होगा ।यह प्रसारण 10 मिनट का होगा,जिसे आप सभी श्रोतागण आकाशवाणी के एफ. एम. चौनल संख्या 102.2 पर श्रवण कर सकते हैं।

# पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में आए फरियादियों की सुनी समस्याएं

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने पीड़ितों को निष्पक्ष न्याय दिलाने का दिया गया भरोसा दी ग्राम टुडे हिंदी दैनिक ब्यूरोचीफ धरमवीर सिंह कुशवाहा कानपुर देहात. मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में बैठकर जनपद के ग्रामीण अंचलों से आए पीड़ितों की समस्याओं को काफी गंभीरता पूर्वक सुना पीड़ित फरियादियों को पुलिस अधीक्षक ने निष्पक्ष न्याय दिलाने का भरोसा देते हुए उनकी समस्याओं का निस्तारण करने के लिए सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किए गए.

बताते चलें कि मंगलवार को पुलिस अधीक्षक जनपद कानपुर देहात बीबी जी टीएस मूर्ति द्वारा पुलिस कार्यालय में आये पीड़ितों फरियादियों की जनसुनवाई कर उनकी समस्यायों को विस्तारपूर्वक सुना गया व फरियादियों को न्याय का भरोसा दिलाते हुये उनकी समस्याओंध्प्रार्थना पत्रों का न्यायोचित निस्तारण करने हेतु सर्व–सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।




# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कम्युनिटी हाल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर के कम्यूनिटी हाल मे भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ तहसीलदार सदर ज्ञानेन्द्र द्विवेदी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी ने सभी मतदाताओं को शपथ दिलायी कि ''हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुये, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन हुये बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।''

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी अनुज सिंह ने तेरहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की सभी को शुभकानाएं देते हुये कहा कि देश के सभी नागरिकों को वोट देने का अधिकार प्राप्त है, जब देश आजाद नही हुआ था तो कुछ लोगों के पास ही वोट देने का अधिकार था, परन्तु भारत के आजाद होते ही असैम्बली का गठन किया गया, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदान करने का पूरा अधिकार दिया जाये तभी से सभी नागरिकों को मतदान करने का अधिकार प्राप्त हो गया। जाति, धर्म, लिंग के आधार पर सभी को सरकार चुनने का अधिकार मिला। सरकार लगातार प्रयासरत है कि शतप्रतिशत मतदान हो, इसके लिये विभिन्न माध्यमों से समय–समय पर जागरूक किया जा रहा है। देखनें में यह आया है कि ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा नगरीय क्षेत्रों में वोट डालने का प्रतिशत कम है, मतदान वाले दिन भी लोग वोट डालने नहीं जाते हैं। अतः सभी लोग अपने मतदान के अधिकार को समझें। एक वोट से हार जीत होती है। प्रायः अभी तक यह देखनें में आया है कि औसतम 50–60 प्रतिशत ही मतदान होता है, जबकि लगभग 40 प्रतिशत लोग मतदान करने हेतु भाग नहीं लेते हैं। 50–60 प्रतिशत मतदाताओं से सरकार चुनी जाती है जो सभी नागरिकों का नेतृत्व करती है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी व्यक्ति को उम्मीदवार पसन्द नहीं है तो मा0 निर्वाचन आयोग ने नोटा की व्यवस्था की है। ऐसी स्थिति में लोग नोटा का भी प्रयोग करें, परन्तु मतदान के अधिकार का शतप्रतिशत पालन करें। आगामी समय में लोकसभा का चुनाव होना है, हम जनपद के नागरिकों से अपेक्षा करते हैं कि पिछले मतदान प्रतिशत से अधिक मतदान करें। उन्होंने सभी लोगों व उपस्थित बच्चों से आग्रह है कि अपने परिवार, पड़ोसी का वोटर लिस्ट में नाम अवश्य दर्ज करायें, किसी के नाम में त्रुटि हो, मतदान केन्द्र दूर हो तो समय रहते यह विषंगतियों को दूर कर लें। वोटर एप, मोबाइल, जनसुविधा केन्द्र, बी0एल0ओ0 आदि के माध्यम से अपना वोटर फार्म भर सकते हैं, जिन लोगों के वोटर कार्ड नहीं बने हैं वह सभी लोग अपना वोटर कार्ड अवश्य बनवा लें।

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने यह भी कहा कि जब बच्चे अपने बड़ों को मतदान का अहसास दिलाते हैं तब नतीजे अच्छे प्राप्त होते हैं। अतः बच्चों से आग्रह किया कि आप आगे आयें, इस मुहीम में सहयोग करते हुये अपने बड़ो, पड़ोसियों को मतदान करने हेतु जागरूक करें।

तेरहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की कड़ी में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं की जागरूकता व्यापक स्तर पर की गयी। संगीत गायन वादन, नाटक आदि के माध्यम से भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूक किया गया एवं बेटियों को शिक्षा दी जाये, महत्ता से सभी को परिचय कराया गया। प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर के छात्र–छात्राओं द्वारा नृत्य के माध्यम से ''लोकतंत्र की पहली ताकत है यहां मतदान'', ''पढ़ेगें पढ़ायेंगे उन्नत देश बनायेंगे'' की शानदार प्रस्तुती की गयी। एक वोट से सरकार बन भी सकती है, बदल भी सकती है। वोट डालना हमारा अधिकार है, न लड़ना है, न उलझना है, समय पर मतदान करना है। वहीं आर कन्या इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा ''लोकतंत्र की नींव का पत्थर है मतदान हमारा'' की शानदार प्रस्तुती के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। सुष्मिता शर्मा, रूचि अग्रवाल द्वारा पपेट के माध्यम से ''जाति, धर्म, निजी स्वार्थ को दूर भगाना है देश को आगे ले जाना है'' की प्रस्तुती के मायध्म से मतदान के प्रति जागरूक किया गया। सेक्रेट हार्ट के बच्चों द्वारा ''है धड़कता दिल मेरा देश के लिये, हम वोट देने जायेंगे देश के लिये'' की शानदार प्रस्तुती की गयी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अधिकारियों, कर्मचारियों, बी0एल0ओ0 आदि को प्रशस्ति पत्र वितरित किये व अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुये सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज अनूप कुमार तिवारी, तहसीलदार सदर ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, नायब तहसीलदार सदर महेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) तथा सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र आमन्त्रित

कौशाम्बी जनपद में विधि परामर्शी निर्देशिका के नियम–13(2) के तहत जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व), कौशाम्बी के रिक्त एक पद तथा सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी), कौशाम्बी के रिक्त एक पद पर आवेदन के लिए प्रस्ताव आमन्त्रित किये गये हैं। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी श्री जयचन्द्र पाण्डेय ने देते हुए बताया है कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र दिनांक 06 फरवरी 2023 की सायं 05 बजे तक कलेक्ट्रेट कार्यालय के न्याय सहायक पटल पर आवेदन का प्रारूप प्राप्त एवं जमा कर सकतें हैं। निध् ाारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेंगा। उन्हांने बताया कि जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) के लिए 10 वर्ष तथा सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के लिए 07 वर्ष का विधि व्यवसाय का अनुभव होना आवश्यक हैं।

## जनपद न्यायालय में वाहन चालक के रिक्त पद के लिए प्रस्ताव आमन्त्रित

कौशाम्बी जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त वाहन चालक में से ऐसे वाहन चालक, जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण नहीं हुई हो, वाहन चालक के रिक्त एक पद पर सम्बद्धीकरण, एक वर्ष की अवधि के लिए, सीधी भर्ती द्वारा अथवा स्थानान्तरण पश्चात भरे जाने की तिथि तक जो भी पहले हो, परिवार न्यायालय में नियुक्ति की जानी है। यह जानकारी अध्यक्ष, प्रशासनिक समिति जनपद न्यायालय ने देते हुए बताया कि इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र, आयु प्रमाण पत्र व स्वस्थता प्रमाण पत्र के साथ दिनांक 13 फरवरी 2023 की सायं 04 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में जमा कर सकतें हैं।

# एम एल सी चुनाव के बूथ संख्या 40(मूरतगंज)की चुनाव संचालन समिति की बैठक सम्पन्न हुई



कौशाम्बी चिरौंजी लाल गेस्ट हाऊस मूरतगंज में एम एल सी चुनाव के बूथ संख्या 40(मूरतगंज)की चुनाव संचालन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे मतदान पर्ची वितरण आदि विषय मे चर्चा हुई ।जिसमें
प्रभारी के रूप में जिलापंचायत अध्यक्ष(प्रतिनिधि) श्री जितेंद्र सोनकर के मार्ग दर्शन में पूरी बैठक सम्पन्न हुई।
बैठक में मण्डल अध्यक्ष मूरतगंज मनोज शुक्ला व मंडल अध्यक्ष काजू राममिलन चौधरी, संयोजक जितेंद्र मिश्रा , उपेंद्र द्विवेदी ,मनीष प्रताप ,अरविंद शर्मा ,मुकेश साहू ,अभिषेक त्रिपाठी सहित समस्त अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्तागण उपस्थित हुए।

## उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में 74 वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन



26 जनवरी 2022 को, उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रयागराज में राष्ट्र का 74वां गणतंत्र दिवस भव्यता, उल्लास, जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार द्वारा झंडा फहराने के साथ हुई। इस अवसर पर, महाप्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल, भारत स्काउट और गाइड और सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड की परेड का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 23 रेलवे कर्मियों को सम्मानित भी किया। 74 वें गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होने वाले रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारियों में श्रीमती सुनीता सिंह , मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक , शिखा , महिला पर्यवेक्षक, श्री विक्रमजीत पटेल , मुख्य नियंत्रण , जितेन्द्र कुमार, एसएसई , मनीष कुमार, एसएसई ध्झाँसी, बिपिन बिहारी, कनिष्ठ अभियंता सिग्नल, शुभम कुमार कनिष्ठ अभियंता ध्डीजल यांत्रिक, विरेंद्र सिंह यादव, स्टेशन अधीक्षक, सुलेमान खान, वरि. टेक्नीशियन, प्रतिज्ञा प्रकाश, की–मैन, अनुज पटेल, ट्रैकमैन– प्टध् ललितपुर, उमाशंकर, ट्रैकमैन– प्प्ध्चित्रकूट, रोहित कुमार, ट्रैक मेन्टेनर प्ट ध्ग्वालियर, जगत राम राजपूत, लोको पायलट पैसेंजर ध्बांदा, अभिषेक जॉन, विधुत सिग्नल मेन्टेनर, राजेंद्र सिंह, ट्रैकमैन– प्प्ध् मथुरा, हरफूल मीना, सहायक लोको पायलट, वीनेश कुमार मीना, टेक्नीशियन प्प, रवि कुमार ,सहायक (कर्षण वितरण), सुमित कुमार सिंह, कार्य प्रबंधक , हेमंत चौबे, टेक्नीशियन ए , अनिल दिनकर, वरिष्ठ टेक्नीशियन, सुमंत कुमार, वरिष्ठ टेक्नीशियनध्अलीगढ़ शामिल थे।

**लिटिल मास्टर ब्लास्टर अनमोल शर्मा, अपने स्कूल में लावारिस इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर लिटिल सिंघम के गेटअप में किरदार निभाते हुए**




# आवश्यकता है

झुग्गी झोपडी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
एवम्
JJ News Portal
के लिये उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले
के लिए संवाददाता, पेजमेकर आपरेटर,
विज्ञापन प्रतिनिधि और एजेंसी / ब्यूरो
चीफ बनने हेतु सम्पर्क करे !

सम्पादक - संजय कुमार यादव
9918366626 9454084311
पता
277/129, चकिया, जगमल का हाता,
पीएनबी एटीएम के पास


## गणतंत्र दिवस समारोह–उचय2023 पर एक रिपोर्ट

दिनांक 26 जनवरी 2023 को नाज़रेथ अस्पताल में 74वाँ गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन सुबह 9:00 बजे भाुरू हुआ। इस समारोह में वि ोश अतिथि माननीय श्री राजे ा मिश्रा जी, उपश्रमायुक्त, प्रयागराज एवं माननीय श्री कुँवर पंकज जी, मुख्य राजस्व अधिकारी, प्रयागराज की उपस्थिति में एक आत्मा जागृत प्रार्थना गीत के साथ भाुरू हुआ। रेव0 फादर विपिन डिसूजा, प्र ाासक, नाज़रेथ अस्पताल ने माननीय अतिथियों को सौहार्दपूर्ण रूप से स्वागत किया।
तदुपरान्त अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं नाजरेथ परिवार की उपस्थिति में माननीय वि ोश अतिथियों ने ध्वजारोहण किया एवं राश्ट्रीय गान सभी उपस्थित जनों के द्वारा उत्साहपूर्वक रूप से गाया गया ।
माननीय वि ोश अतिथियों ने उपस्थित लोगों को इस पर्व के महत्व को अपने भाशण के माध्यम से बताते हुए कहा कि हम सभी को भारतीय होने और दे ा के सभी क्षेत्रों में अपार उपलब्धि और विकास पर गर्व करना चाहिए। बाबा भीमराज अम्बेडकर जी को श्रद्धानमन के साथ याद किया गया और उनकी भारतीय संविधान की रचना को सराहा जिसके कारण हम सब भारतीयों को इस संविधान से सभी मूल अधिकार प्राप्त हुए और प्रत्येक भारतीयों की अपनी कार्य ौली एवं योगदान से हमारा भारत आज वि व प्रसिद्ध दे ा बन गया है।
वि ोश अतिथियों को डॉ0 आर पी भाुक्ला एवं श्री अखिल पटनायक, अतिरिक्त प्र ाासक ने वि ोश अतिथियों को उनके सम्मान में एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। नाज़रेथ अस्पताल के गायक मण्डली द्वारा एक सुन्दर दे ाभक्ति गीत गाया गया। सिस्टर अल्विना सीएसएन, प्रधानाचार्या, नाजरेथ स्कूल ऑफ नर्सिंग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के तदुपरान्त जलपान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।




## कर्पूरी ठाकुर हमेशा दबे कुचले और असहाय लोगों के लिए खड़े हुए– पूर्व सभासद बबलू भारती



कुशवाहा कानपुर देहात जनपद मुख्यालय की प्रमुख नगर पंचायत अकबरपुर के पूर्व सभासद बबलू भारती ने आज यहां कहा कि कर्पूरी ठाकुर हमेशा समाज के वंचित वर्ग के लिए काम करते रहे। श्री भारती नगर के नया गंज निवासी अनिल सविता के आवास पर कर्पूरी ठाकुर के जन्मदिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।इस संबंध में कार्यक्रम के आयोजक कमलेश कुमार सविता ने बताया कि आज नया गंज अकबरपुर में अनिल सविता के आवास पर जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्मोत्सव मनाया गया बैठक की अध्यक्षता सुखदेव प्रसाद सविता के द्वारा की गई इस मौके पर पूर्व सभासद बबलू भारती ने कपूरी ठाकुर जी के जीवन चित्रण पर विस्तार से बताया कपूरी ठाकुर का जन्म बिहार के समस्तीपुर जिला पितोझिया गांव में हुआ था वह महा शिक्षक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के साथ–साथ एक बार उपमुख्यमंत्री दो बार मुख्यमंत्री कई दशकों तक विपक्ष के नेता रहे। कपूरी ठाकुर जी ने हमेशा दबे कुचले असहाय लोगों की आवाज बुलंद किए की थी।
इस मौके पर बबलू भारती पूर्व सभासद अनिल सविता छोटे सविता सुनील कुमार गुप्ता पूर्व महामंत्री रामलीला कमेटी कृष्ण कुमार गुप्ता श्रवण कुमार कमलेश कुमार सविता राम सिंह शांतिलाल दिनेश सविता अजय यादव झब्बू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बिजली की लाइन के चपेट में आने से एक मजदूर युवक की मौत

ग्रामीण ठेकेदारों के द्वारा सरकारी पेड़ को खुलेआम दिनदहाड़े काटा जा रहा था वहीं पास में निकली हुई 11000 लाइन की चपेट में आया मजदूर, मौके पर हुई दर्दनाक मौत जनपद सीतापुर के थाना क्षेत्र सकरन की ग्राम पंचायत तारपारा का है वहीं ग्राम पंचायत तारपारा के निवासी अनूप पुत्र रामस्वरूप भारती उम्र 28 वर्ष जोकि ग्राम पंचायत तारपारा के ही ठेकेदार मनोज पुत्र रामसनेही राममूर्ति पुत्र मनोहर लाल टेन्नी पुत्र बंसी मोहन पुत्र बुध् ाई गुड्डू राजपूत पुत्र राम लोटन ग्राम प्रधान राजकिशोर पुत्र सोबरनलाल के द्वारा मजदूर को उसके घर से बुलाकर ले गये थे पेड़ मालिक राम मनोरथ ने सड़क पर लगे सरकारी पेड़ इन्हीं ठेकेदारों के हांथ बेचा था वहीं ठेकेदारों के द्वारा अवैध ाानिक तरीके से सरकारी पेड़ कटवाए जाने का काम किया जा रहा था पेड़ की डाल काटते समय 11000 लाइन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई युवक की मौत देख ठेकेदारों में मची अफरा–तफरी मौके से सभी फरार वहीं किसी ग्रामीण व्यक्ति के द्वारा परिजनों को सूचना मिली मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वहीं परिजनों व परिजनों के समर्थकों के द्वारा युवक को सांडा सीएससी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया परिवारी जनों का रो रो कर बुरा हाल है।




# मतदाता लोकतंत्र को देता है आक्सीजन उप जिलाधिकारी



तहसील प्रांगण में 13 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया जिसमें प्रातः कालीन राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज अमरनाथ इंटर कॉलेज सर्वोदय इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी निकालकर लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया इस मतदाता जागरूकता रैली को उप जिलाधिकारी राखी वर्मा कने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जन जागरूकता रैली तहसील प्रांगण से निकलकर तहसील तिराहा विसवां चौराहा होते हुए डाक बंगला होकर पुनः तहसील में समाप्त हुई तत्पश्चात मतदाता जन जागरूकता को लेकर वक्ताओं ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए. उप जिलाधिकारी राखी वर्मा ने कहा कि मतदाता दिवस मतदातओं को जागरूक करने का पावन अवसर प्रदान करता है. मतदाता लोकतंत्र को आक्सीजन देता है. इसलिए बगैर मतदाता के लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है. तत्पश्चात एसडीएम के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई उत्पश्चात कैटालिस्ट क्लासेस के छात्र छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदाताओं को जागरूक किया गया कार्यक्रम के समापन पर उप जिला अधि ाकारी ने कैटालिस्ट क्लासेस के अक्षत सिंह ,सौरभ भार्गव , शिवम भार्गव , प्राची भार्गव ,रोहिणी यादव रीतिका श्रीवास्तव, शिवा यादव,निशा राजपूत शिवांश जायसवाल, अहम त्रिपाठी राम अवस्थी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया कार्यक्रम का सफल संचालन लेखपाल सच्चिदानंद दुबे के द्वारा किया गया वही एसडीएम के द्वारा सुरेश चंद्र मौर्य रजिस्टार कानूनगो निर्वाचन वह अविनाश मिश्रा अंकुर सिंह समेत अन्य कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर उप जिलाधिकारी न्यायिक अभिषेक कुमार शुक्ला तहसीलदार रविंद्र प्रताप सिंह, चंद्रशेखर प्रजापति , इंजीनियर विमल राजपूत, शिक्षक मोहम्मद सलमान शिक्षक अश्वनी कुमार आदि मौजूद रहे

## प्रस्तावित कॉरिडोर के विरोध में 26 को बाजार बंद करने का आह्वान

विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर पर प्रस्तावित कॉरिडोर के विरोध में मंदिर के सेवायत गोस्वामी समेत क्षेत्रीय निवासी एवं व्यापारियों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोरिडोर के विरोध में चल रहे आंदोलन के 15वें दिन विद्यापीठ चौराहा के निकट लद्धाराम धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय मतदान दिवस पर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से आगामी चुनाव का बहिष्कार करने के साथ साथ 26 जनवरी को बांकेबिहारी मंदिर क्षेत्र के बाजार बंद रखने का निर्णय लिया गया। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के समस्त व्यापारियों से आह्वान किया कि प्रस्तावित बांकेबिहारी कोरिडोर के विरोध में अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर इस बंद को सफल बनाएं।



# हफ्ते भर के भीतर क्यों नेपाल यात्रा पर आ रहे हैं अमेरिका के दो मंत्री

नेपाल में बनी सरकार को अपने पाले में रखने की कोशिश अमेरिका ने तेज कर दी है। अगले महीने एक हफ्ते के भीतर दो अमेरिकी मंत्री नेपाल का दौरा करेंगे। पहले अमेरिकी विदेश उप मंत्री विक्टोरिया नुलैंड यहां आएंगी। उसके तुरंत बाद यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएड) की प्रशासक समांता पॉवर काठमांडू की यात्रा करेंगी। अमेरिकी प्रशासन में पॉवर का दर्जा कैबिनेट मंत्री का है। वे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की सदस्य भी हैं। इस तरह पुष्प कमल दहल के प्रधानमंत्री बनने के बाद नेपाल आने वाली वे सबसे वरिष्ठ अधिकारी होंगी।

समांत पॉवर पांच फरवरी को यहां पहुंचेंगी। नेपाल सरकार के अधिकारियों के मुताबिक ये दोनों यात्राएं इस बात का संकेत हैं कि अमेरिका की निगाह में नेपाल को कितना महत्त्वपूर्ण हो गया है। हफ्ते भर के भीतर दो मंत्रियों को नेपाल भेज कर जो बाइडन प्रशासन ने नेपाल की नई सरकार के साथ संपर्क बढ़ाने की मंशा जताई है। अमेरिका यह सुनिश्चित करना चाहता है कि नेपाल में उसके हितों को कोई नुकसान न पहुंचे। वाशिंगटन में तैनात एक नेपाली राजनयिक ने अखबार काठमांडू पोस्ट से कहा– 'अब नेपाल में एक अलग तरह की सरकार सत्ता में आ गई है। इसलिए पश्चिमी देशों की नेपाल में दिलचस्पी बढ़ रही है। वे जानना चाहते हैं कि क्या नई सरकार के तहत नेपाल की नीति में कोई परिवर्तन होगा। आप यह कह सकते हैं कि ये अधिकारी नेपाल सरकार का मूड भांपने के लिए काठमांडू जा रहे हैं।'

राजनयिकों के मुताबिक विक्टोरिया नुलैंड की यात्रा के दौरान ध्यान राजनीतिक और द्विपक्षीय संबंध पर केंद्रित रहेगा। उनका ज्यादा नेपाल में अमेरिकी हितों की रक्षा करने पर होगा। जबकि पॉवर अपनी यात्रा के दौरान नेपाल के साथ विकास संबंधी सहयोग बढ़ाने पर जोर देंगी। पॉवर यहां छह और सात फरवरी को कई नेताओं से मिलेंगी। उनमें प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल, उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री बिष्णु पौडेल और विदेश मंत्री बिमला राय भी शामिल हैं।

नेपाल के अधिकारियों ने कहा है कि आने वाले महीनों में और भी महत्त्वपूर्ण अमेरिकी अधिकारियों के नेपाल आने की संभावना है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन जी–20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए मार्च के पहले हफ्ते में भारत की यात्रा करने वाले हैं। संभव है कि उसके बाद वे नेपाल की भी यात्रा करें।

नेपाल के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने काठमांडू पोस्ट से कहा– 'अमेरिकी मंत्रियों का नेपाल दौरा इस बात का संकेत है कि नेपाल में अमेरिका की दिलचस्पी बढ़ रही है। ज्यादातर समय भारत, चीन या अमेरिका के अधिकारी हमारी सुविधा नहीं, बल्कि अपनी सुविधा के मुताबिक नेपाल आते हैं। अमेरिका की दो उच्चस्तरीय यात्राएं इस बात का संकेत हैं कि अमेरिका नेपाल के साथ कई स्तरों पर संपर्क बनाना चाहता है।'

अमेरिका में नेपाल के राजदूत रह चुके राजनयिक सुरेश चेलिसे ने कहा है– 'इन अमेरिकी यात्राओं को नेपाल में संसदीय चुनाव के बाद बनी स्थिति के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। नई सरकार बनने के साथ कई नए चेहरे सत्ता में आए हैं। इस हाल में ये यात्राएं एक स्वाभाविक कदम हैं।'

नेपाल में बनी सरकार को अपने पाले में रखने की कोशिश अमेरिका ने तेज कर दी है। अगले महीने एक हफ्ते के भीतर दो अमेरिकी मंत्री नेपाल का दौरा करेंगे। पहले अमेरिकी विदेश उप मंत्री विक्टोरिया नुलैंड यहां आएंगी। उसके तुरंत बाद यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएड) की प्रशासक समांता पॉवर काठमांडू की यात्रा करेंगी। अमेरिकी प्रशासन में पॉवर का दर्जा कैबिनेट मंत्री का है। वे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की सदस्य भी हैं। इस तरह पुष्प कमल दहल के प्रधानमंत्री बनने के बाद नेपाल आने वाली वे सबसे वरिष्ठ अधिकारी होंगी।

समांत पॉवर पांच फरवरी को यहां पहुंचेंगी। नेपाल सरकार के अधिकारियों के मुताबिक ये दोनों यात्राएं इस बात का संकेत हैं कि अमेरिका की निगाह में नेपाल को कितना महत्त्वपूर्ण हो गया है। हफ्ते भर के भीतर दो मंत्रियों को नेपाल भेज कर जो बाइडन प्रशासन ने नेपाल की नई सरकार के साथ संपर्क बढ़ाने की मंशा जताई है। अमेरिका यह सुनिश्चित करना चाहता है कि नेपाल में उसके हितों को कोई नुकसान न पहुंचे। वाशिंगटन में तैनात एक नेपाली राजनयिक ने अखबार काठमांडू पोस्ट से कहा– 'अब नेपाल में एक अलग तरह की सरकार सत्ता में आ गई है। इसलिए पश्चिमी देशों की नेपाल में दिलचस्पी बढ़ रही है। वे जानना चाहते हैं कि क्या नई सरकार के तहत नेपाल की नीति में कोई परिवर्तन होगा। आप यह कह सकते हैं कि ये अधिकारी नेपाल सरकार का मूड भांपने के लिए काठमांडू जा रहे हैं।'

राजनयिकों के मुताबिक विक्टोरिया नुलैंड की यात्रा के दौरान ध्यान राजनीतिक और द्विपक्षीय संबंध पर केंद्रित रहेगा। उनका ज्यादा नेपाल में अमेरिकी हितों की रक्षा करने पर होगा। जबकि पॉवर अपनी यात्रा के दौरान नेपाल के साथ विकास संबंधी सहयोग बढ़ाने पर जोर देंगी। पॉवर यहां छह और सात फरवरी को कई नेताओं से मिलेंगी। उनमें प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल, उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री बिष्णु पौडेल और विदेश मंत्री बिमला राय भी शामिल हैं।

नेपाल के अधिकारियों ने कहा है कि आने वाले महीनों में और भी महत्त्वपूर्ण अमेरिकी अधिकारियों के नेपाल आने की संभावना है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन जी–20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए मार्च के पहले हफ्ते में भारत की यात्रा करने वाले हैं। संभव है कि उसके बाद वे नेपाल की भी यात्रा करें।

नेपाल के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने काठमांडू पोस्ट से कहा– 'अमेरिकी मंत्रियों का नेपाल दौरा इस बात का संकेत है कि नेपाल में अमेरिका की दिलचस्पी बढ़ रही है। ज्यादातर समय भारत, चीन या अमेरिका के अधिकारी हमारी सुविधा नहीं, बल्कि अपनी सुविधा के मुताबिक नेपाल आते हैं। अमेरिका की दो उच्चस्तरीय यात्राएं इस बात का संकेत हैं कि अमेरिका नेपाल के साथ कई स्तरों पर संपर्क बनाना चाहता है।'

अमेरिका में नेपाल के राजदूत रह चुके राजनयिक सुरेश चेलिसे ने कहा है– 'इन अमेरिकी यात्राओं को नेपाल में संसदीय चुनाव के बाद बनी स्थिति के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। नई सरकार बनने के साथ कई नए चेहरे सत्ता में आए हैं। इस हाल में ये यात्राएं एक स्वाभाविक कदम हैं।'

नेपाल में बनी सरकार को अपने पाले में रखने की कोशिश अमेरिका ने तेज कर दी है। अगले महीने एक हफ्ते के भीतर दो अमेरिकी मंत्री नेपाल का दौरा करेंगे। पहले अमेरिकी विदेश उप मंत्री विक्टोरिया नुलैंड यहां आएंगी। उसके तुरंत बाद यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएड) की प्रशासक समांता पॉवर काठमांडू की यात्रा करेंगी। अमेरिकी प्रशासन में पॉवर का दर्जा कैबिनेट मंत्री का है। वे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की सदस्य भी हैं। इस तरह पुष्प कमल दहल के प्रधानमंत्री बनने के बाद नेपाल आने वाली वे सबसे वरिष्ठ अधिकारी होंगी।

समांत पॉवर पांच फरवरी को यहां पहुंचेंगी। नेपाल सरकार के अधिकारियों के मुताबिक ये दोनों यात्राएं इस बात का संकेत हैं कि अमेरिका की निगाह में नेपाल को कितना महत्त्वपूर्ण हो गया है। हफ्ते भर के भीतर दो मंत्रियों को नेपाल भेज कर जो बाइडन प्रशासन ने नेपाल की नई सरकार के साथ संपर्क बढ़ाने की मंशा जताई है। अमेरिका यह सुनिश्चित करना चाहता है कि नेपाल में उसके हितों को कोई नुकसान न पहुंचे। वाशिंगटन में तैनात एक नेपाली राजनयिक ने अखबार काठमांडू पोस्ट से कहा– 'अब नेपाल में एक अलग तरह की सरकार सत्ता में आ गई है। इसलिए पश्चिमी देशों की नेपाल में दिलचस्पी बढ़ रही है। वे जानना चाहते हैं कि क्या नई सरकार के तहत नेपाल की नीति में कोई परिवर्तन होगा। आप यह कह सकते हैं कि ये अधिकारी नेपाल सरकार का मूड भांपने के लिए काठमांडू जा रहे हैं।'

राजनयिकों के मुताबिक विक्टोरिया नुलैंड की यात्रा के दौरान ध्यान राजनीतिक और द्विपक्षीय संबंध पर केंद्रित रहेगा। उनका ज्यादा नेपाल में अमेरिकी हितों की रक्षा करने पर होगा। जबकि पॉवर अपनी यात्रा के दौरान नेपाल के साथ विकास संबंधी सहयोग बढ़ाने पर जोर देंगी। पॉवर यहां छह और सात फरवरी को कई नेताओं से मिलेंगी। उनमें प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल, उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री बिष्णु पौडेल और विदेश मंत्री बिमला राय भी शामिल हैं।

नेपाल के अधिकारियों ने कहा है कि आने वाले महीनों में और भी महत्त्वपूर्ण अमेरिकी अधिकारियों के नेपाल आने की संभावना है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन जी–20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए मार्च के पहले हफ्ते में भारत की यात्रा करने वाले हैं। संभव है कि उसके बाद वे नेपाल की भी यात्रा करें।

नेपाल के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने काठमांडू पोस्ट से कहा– 'अमेरिकी मंत्रियों का नेपाल दौरा इस बात का संकेत है कि नेपाल में अमेरिका की दिलचस्पी बढ़ रही है। ज्यादातर समय भारत, चीन या अमेरिका के अधिकारी हमारी सुविधा नहीं, बल्कि अपनी सुविधा के मुताबिक नेपाल आते हैं। अमेरिका की दो उच्चस्तरीय यात्राएं इस बात का संकेत हैं कि अमेरिका नेपाल के साथ कई स्तरों पर संपर्क बनाना चाहता है।'



झुग्गी झोपड़ी
हिन्दी दैनिक

# गैस एजेंसी संचालक पर उज्ज्वला योजना का रसोई गैस सिलेंडर हड़पने का आरोप

(जौनपुर) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गरीबों मजलूमों एवं असहायों के स्वास्थ्य की सुरक्षा एवं धुंआ से बचाव हेतु चलाया गया जनकल्याणकारी उज्ज्वला योजना को अमलीजामा पहनाने हेतु गैस एजेंसी संचालकों द्वारा किस तरह खेल किया जा रहा है उसका जीता जागता उदाहरण मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के तरहठी गांव स्थित लक्ष्मी गिरीश एचपी गैस ग्रामीण वितरक तरहठी पर देखने को मिला है। जहां पांच साल पहले उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर कनेक्शन लेने के लिए मुंगराबादशाहपुर विकास खण्ड के गोरैयाडीह ग्राम निवासी शर्मीला पत्नी ओमकार नाथ सरोज ने अपना आवेदन पत्र जमा किया था। लेकिन उसे न तो रसोई गैस सिलेंडर मिला और न ही योजना के तहत मिलने वाली कोई सामग्री ।आलम यह है कि उज्ज्वला योजना के तहत अपने ही रसोई गैस कनेक्शन को पाने के लिए पीड़िता पांच साल से एजेंसी का चक्कर काट रही है। लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। उसके पैरों तले जमीन तब खिसकने लगी जब वह रसोई गैस सिलेंडर के कनेक्शन लेने हेतु मुंगराबादशाहपुर रसोई गैस सिलेंडर एजेंसी पर गई। जहां बताया गया कि उसके नाम से रसोई गैस सिलेंडर का कनेक्शन हो चुका है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी जौनपुर को सम्बोधित प्रार्थना पत्र में पीड़िता शर्मीला ने बताया है कि पांच साल पहले लक्ष्मी गिरीश एचपी गैस ग्रामीण वितरक तरहठी पर उसके द्वारा उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस सिलेंडर कनेक्शन का प्रार्थना पत्र समस्त आवश्यक अभिलेखों के साथ दिया गया था। लेकिन उसे आज तक कोई सामग्री वितरक द्वारा नहीं दी गई। पीड़िता ने बताया है कि जब वह गैस कनेक्शन हेतु मुंगराबादशाहपुर रसोई गैस एजेंसी पर गई तो वहां पता चला कि उसका रसोई गैस सिलेंडर कनेक्शन लक्ष्मी गिरीश एचपी गैस ग्रामीण वितरक तरहठी से हो चुका है तथा उसके आधार संख्या पर उसका गैस कनेक्शन संख्या 3161167801795244 दिया जा चुका है । पीड़िता ने बताया कि उसके गैस कनेक्शन संख्या पर गैस सिलेंडर का वितरण भी किया जा रहा है लेकिन उसे नहीं पता कि गैस सिलेंडर कौन हासिल कर रहा है । पीड़िता शर्मीला ने जिलाधिकारी जौनपुर से इसकी जांच कराने एवं दोषी पाए जाने वाले के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए रसोई गैस सिलेंडर एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

# अयोध्या के वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार मांझी को उत्कृष्ट पत्रकारिता हेतु किया सम्मानित पारसनाथ सपा नेता ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य



अयोध्या अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्म नगरी अयोध्या जनपद के तारुन 25 जनवरी 2023 दिन बुधवार को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर डॉ राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज के प्रबंधक पूर्व जिला पंचायत सदस्य पारसनाथ यादव का 57 वां जन्मदिन तारुन में केक काटकर धूमधाम से मनाया गया । जन्मदिन के मौके पर उपस्थित शुभचिंतकों के बीच श्री यादव ने कहा कि कार्यक्रम तो राजनीतिक नही है । देश की आजादी के बाद 26 जनवरी को संविधान लागू हुआ गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अपना जन्मदिन अपनों के बीच मनाने की अपार खुशी है । इतना कह सकता हूँ कि आज के जमाने मे राजनीति काफी भिन्न हो गई है । श्री यादव ने उपस्थित पत्रकारों को सम्मानित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया अयोध्या के वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार माझी को उत्कृष्ट पत्रकारिता हेतु पूर्व जिला पंचायत सदस्य पारसनाथ यादव ने किया सम्मानित,कार्यक्रम में गोसाईंगंज विधानसभा अध्यक्ष सियाराम निषाद, अजय यादव, विजय यादव ,राकेश चौरसिया, विशाल यादव,शिव कुमार फौजी, राम बरन यादव ,भारत वर्मा,,भगवत यादव,शिवपूजन यादव सुरजीत यादव वरिष्ठ पत्रकार रामजन्म यादव वरिष्ठ पत्रकार भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा समिति के नेशनल डिप्टी चेयरमैन एवं दैनिक दिग्राम टुडे न्यूज अयोध्या के ब्यूरो प्रमुख अजय कुमार मांझी पत्रकार दीपक मिश्रा, पत्रकार रामपाल निषाद सहित शुभचिंतक मौजूद रहे।

# आपदा जोखिम प्रबंधन कार्यक्रम पर प्रशिक्षण का आयोजन




दरभंगा । यूनिसेफ द्वारा प्रायोजित एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र दरभंगा द्वारा मारवाड़ी महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित आपदा जोखिम न्यूनीकरण जलवायु परिवर्तन आपातकालीन तत्परता और प्रतिक्रिया पर शनिवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन आगत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। नेहरू युवा केंद्र दरभंगा के जिला युवा पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि दरभंगा भूकंप और बाढ़ के क्षेत्र में अति संवेदनशील है। दोनों आपदाओं के कारण प्रतिवर्ष जान माल की व्यापक पैमाने पर क्षति होती है। विकास का गति अवरुद्ध हो जाता है। आपदा के जोखिम को कम करने में आपदा प्रबंधन की भूमिका महत्वपूर्ण है जिसमें आप युवाओं की सहभागिता से जिला में न्यूनीकरण योजना को गति दी जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में आप स्वयं सेवक आपदाओं से होने वाली क्षति को कम करने के लिए लोगों को जागरूक करें। ग्रामीण स्तर से जिला स्तर तक आपदा प्रबंधन समिति का गठन किया जा चुका है। यूनिसेफ के दरभंगा जिला समन्वयक श्याम कुमार ने कहा कि आपदा जोखिम प्रबंधन कार्यक्रम के प्रशिक्षण के माध्यम से आप स्वयं सेवकों की क्षमता में वृद्धि होगी। श्याम कुमार ने विस्तार से आपदा प्रबंधन की जानकारी स्वयंसेवकों को दिया। नेहरू युवा केंद्र के लेखा एवं कार्यक्रम समन्वयक सुहैल जफर ने कहा कि जिला के 18 प्रखंड मुख्यालय में भूकंप रोधी मकान सरकार के द्वारा बनवाए गए हैं। आप सभी स्वयंसेवक प्रखंड में जाकर भूकंप रोधी प्रशिक्षित राज मिस्त्रियों का नाम लेकर ग्रामीण लोगों को भूकंप रोधी मकान बनाने के लिए प्रेरित करें। नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवकों को आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में नेहरू युवा केंद्र दरभंगा के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मणि कांत ठाकुर, मुकेश कुमार झा, कुणाल कुमार गुप्ता, हरेंद्र कुमार पासवान विशाल कुमार, सुधा नंदन झा, पुजा कुमारी, संगीत कुमारी, सृष्टि कुमारी एवं एमटीएस अविनाश कुमार एवं 35 स्वयं सेवकों ने भाग लिया। स्वयंसेवकों में महिला प्रतिभागी भी शामिल थीं।

# 200 लोगों को अयोध्या नगर निगम लोकप्रिय महापौर प्रत्याशी प्रमिला राजपूत ने बांटा कम्मल



अयोध्या अयोध्या महापौर प्रत्याशी एवं समाजसेविका प्रमिला राजपूत द्वारा अयोध्या के स्वर्गद्वार मोहल्ले में कम्बल वितरण कर जरूरतमंदों लोगों को कम्बल वितरण किया गया। असहायों की सेवा के लिए उन्होंने सभी से अपील भी की है। समाजसेविका कांग्रेस महापौर प्रत्याशी प्रमिला राजपूत ने अपने साथियों के साथ अयोध्या आकर वृद्ध एवं असहाय लोगो करीब 200बेसहारा महिलाओं व पुरषों को कंबल प्रदान किया। इसके बाद उनके परिवार के लोगों ने अयोध्या की गलियों मे घूम घूम कर 200 से ज्यादा जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। समाजसेवी श्री राजपूत ने बताया कि इस बार अयोध्या में कड़ाके की ठंड पड़ रही है इससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अयोध्या में बहुत से ऐसे वृद्धआश्रम हैं जहां पर गरीब असहाय तबके के लोग रहते हैं।

# एक शातिर अभियुक्त मय एक जिन्दा कारतूस व देशी तमंचा के साथ थाना इनायतनगर अयोध्या पुलिस ने किया गिरफ्तार



अयोध्या अयोध्या पुलिस उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या, श्री मुनिराज जी के दिशा दृ निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के मद्देनजर श्री अतुल कुमार सोनकर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद अयोध्या, श्री आशुतोष मिश्रा क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर के पर्यवेक्षण में तथा श्री अमरजीत सिंह निरीक्षक थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या के कुशल नेतृत्व में थाना इनायतनगर पुलिस टीम उ0नि0 अक्षय कुमार पटेल मय हमराह का0 गम्भीर सिंह के द्वारा एक नफर अभियुक्त अमित सिंह उर्फ कल्लू शूटर पुत्र सूर्यकरन सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम ईटगांव थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या को एक अदद देशी तमंचा 315 व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ दिनांक 25.01.2023 को समय 10.05 बजे बाबा बाजार बाग ग्राम ईटगांव थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर माननीय न्यायालय भेजा गया

गिरफ्तार अभियुक्त दृअमित सिंह उर्फ कल्लू शूटर पुत्र सूर्यकरन सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम ईटगांव थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या

बरामद सामान का विवरण
01 अदद 315 बोर देशी तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण1.उ0नि0 अक्षय कुमार पटेल थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या
2. का0 गम्भीर सिंह थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या

पंजीकृत अभियोग– मु0अ0सं0– 47द्23 धारा– 3द25 आर्म्स एक्ट थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास1.मु0अ0सं0–529द2009 धारा 147द148द149द307द302द396द120ठद34द212द216कद412 भादवि व 7 (CLA Act) थाना पूरा कलन्दर जनपद अयोध्या2. मु0अ0सं0–134द2008 धारा147 148द149द336द307द308 भादवि थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या3.मु0अ0सं0–362द2008 धारा = गुण्डा एक्ट थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या4.मु0अ0सं0–535द2009 धारा 2द3 यूपी गैगेस्टर एक्ट थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या
5.मु0अ0सं0–438 2009 धारा 110 जी थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या
6.मु0अ0सं0–24 2012 धारा 3 25 आर्म्स एक्ट थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या7.मु0अ0सं0–575 2016 धारा 110 जी थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या
8.मु0अ0सं0–381 19 धारा419 420 468 471 भादवि0 थाना कोतवाली अमेठी जनपद अमेठी ।
9. मु0अ0सं0–40 19 धारा 3 25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली अमेठी जनपद अमेठी ।10.मु0अ0सं0– 151द20 धारा 8द20 एनडीपीएस एक्ट थाना थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या
11.मु0अ0सं0– 62 21 धारा 323 504 506 भादवि0 व 3(1)द,ध SC ST Act) थाना इनायतनगर जनपदअयोध्या12. मु0अ0सं0–305 22 धारा 110 जी थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या13. मु0अ0सं0–345 2008द धारा379 511भादवि थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या ने गिरफ्तार किया है !

# जिम्मेदार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के लिए कामधेनु साबित हो रहा स्वच्छता अभियान के शौचालय

(जौनपुर) । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई अति महात्वाकांक्षी योजना स्वच्छता अभियान को भी पलीता लगाने में मुंगराबादशाहपुर का विकास खण्ड कार्यालय एक रिकार्ड कायम करने में जुट गया है। जिसके कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की यह योजना भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम प्रधानों से लेकर जिम्मेदार अधिकारियों तक के लिए कामधेनु बन गई ।आलम यह रहा कि मुंगराबादशाहपुर विकास खण्ड के दर्जनों ओ डी एफ घोषित गांव की सड़कें शौचालय बनी हुई है जिन पर लोगों का राह चलना दुश्वार हो गया है । तो दूसरी ओर शौचालय निर्माण में धांधली की आने वाली शिकायतों को जांच अधिकारियों द्वारा अपनी अवैध कमाई का जरिया बना दिया गया । जिसका परिणाम यह हुआ कि गांव के विकास की जिम्मेदारी संभालने वाले कतिपय ग्राम प्रधान मनरेगा , प्रधानमंत्री आवास , मुख्यमंत्री आवास , सड़क निर्माण कार्य में जमकर धनउगाही करने के बाद स्वच्छता अभियान के तहत बनाए जाने वाले शौचालय का मैटेरियल तक डकार गए । बिडंबना यह हुई की विकास खण्ड कार्यालय की फाइलों में ओडीएफ घोषित गांव की सड़कें शौचालय में तब्दील हो गई है । सूत्रों की मानें तो मुंगराबादशाहपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत धौरहरा में शौचालय निर्माण में तत्कालीन ग्राम प्रधान द्वारा लाखों का घोटाला किया गया ।जिसकी जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत की जांच के दौरान जांच अधिकारी लगभग 250 से अधिक शौचालय कड़ी मशक्कत करने के बाद भी धरातल पर नहीं मिले थे । लेकिन जांच अधिकारी अरविंद पटेल ने घोटाला करने वालों को बचाने हेतु सौदेबाजी कर जनसुनवाई पोर्टल पर फर्जी आख्या प्रस्तुत कर समस्या का समाधान कर दिया । आखिर में जिन शौचालयों के निर्माण हेतु आई प्रोत्साहन राशि से तत्कालीन ग्राम प्रधान दया राम सरोज ने शौचालय का निर्माण करवाया था वह धरती से लापता कैसे हो गया । इसे जांच अधिकारी अरविंद कुमार पटेल भले ही नहीं बताना चाहे लेकिन लोगों के साथ उन्हें भी गरीबों के लिए आए शौचालय का मैटेरियल खाने वाले तत्कालीन ग्राम प्रधान कब और कैसे खा गए थे इसकी पूरी जानकारी हासिल कर ली थी।

# एक नफर अभियुक्त मय शराब बनाने के उपकरण व 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ अयोध्या पुलिस ने किया गिरफ्तार

,अयोध्या अयोध्या पुलिस उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या, श्री मुनिराज जी के दिशा दृ निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के मद्देनजर श्री अतुल कुमार सोनकर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद अयोध्या, श्री आशुतोष मिश्रा क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर के पर्यवेक्षण में तथा श्री अमरजीत सिंह निरीक्षक थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या के कुशल नेतृत्व में थाना इनायतनगर पुलिस टीम उ0नि0 जय लाल व का0 संदीप सिंह थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या के द्वारा एक नफर अभियुक्त फूलचन्द्र पुत्र रामकरन निवासी ग्राम तुलापुर थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या को शराब बनाने के उपकरण ( एक अदद लोहे की टीन, एक अदद पतीला,एक अदद प्लास्टिक की पाईप ) व 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ साथ दिनांक 25.01.2023 को समय करीब 11.10 बजे बहद ग्राम तुलापुर थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर माननीय न्यायालय भेजा गया पंजीकृत अभियोग– मु0अ0सं0 48 2023 धारा 60 (2) EX- ACT

गिरफ्तार अभियुक्तफूलचन्द्र पुत्र रामकरन निवासी ग्राम तुलापुर थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या बरामद सामान का विवरण 20 लीटर अवैध कच्ची शराबव शराब बनाने के उपकरण ( एक अदद लोहे की टीन, एक अदद पतीला,एक अदद प्लास्टिक की पाईप गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण–1.उ0नि0 जय लाल थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या2. का0 संदीप सिंह थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या ने गिरफ्तार किया है।




# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनो में अपने मताधिकार के प्रयोग की शपथ दिवाई

अयोध्या अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्मनगरी अयोध्या जनपद में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या मुनिराज जी के निर्देश पर कोतवाली बीकापुर प्रभारी निरीक्षक सुमित श्रीवास्तव ने कोतवाली में नियुक्त समस्त स्टाप को मतदाताओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार के प्रयोग की सपथ दिलाई।



झुग्गी झोपड़ी
सत्वाधिकार, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार यादव द्वारा रमा प्रिंटिंगप्रेस 53/25/1ए, बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित रहीमाबाद पोस्ट कटहुला गौसपुर जिला प्रयागराज तहसील सदर से प्रकाशित
सम्पादक
संजय कुमार यादव
RNI No.: UPHIN/2015/63182
दूरभष : 0532–2618074
मोबाईल : 9918366626
डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23
e-mail: Jhuggijhopari@gmail.com
Website- www.Jhuggijhopari.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदाई तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा